CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष :11 अंक : 79 | जयपुर, बुधवार 08 अप्रेल, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# राजस्थान कृषि में नई ऊंचाइयां छू रहा है, किसान हितों के लिए निरंतर कर रहे कार्य : सीएम भजनलाल शर्मा

**देश के पहले पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का जयपुर में हुआ आयोजन, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के अलावा पांच राज्यों के कृषि मंत्री भारत और पांच राज्यों के कृषि विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, विभिन्न कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े विशिष्टलोग, प्रगतिशील किसान, कृषि क्षेत्र में फील्ड से लेकर बाजार तक काम कर रहे विशिष्ट लोग और प्रगतिशील किसान इत्यादि मौजूद रहे, कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा भी रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने मंगलवार को एक और उपलब्धि उस समय अपने अकाउंट में दर्ज करवा ली जब जयपुर में देश के पहले पश्चिम एशिया कृषि सम्मेलन का आयोजन हुआ इस सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ,केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के अलावा पांच राज्यों के कृषि मंत्री और भारत तथा राजस्थान सरकार के कृषि विभाग से जुड़े बड़े अधिकारी और बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े विशिष्ट लोग मौजूद रहे इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश में कृषि और खेती के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है पिछले सवा दो साल में कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषक की आर्थिक स्थिति को सुधारने में हमारी सरकार ने तेजी से कार्य किया है जिसके फल स्वरुप प्रदेश का किसान अब बिजली का भी उत्पादन करने लगा है इसके अलावा पशुपालन, फल ,सब्जी, मछली पालन, फूल इत्यादि के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कई नवाचार और कई बड़े कदम उठाए हैं जिसके अच्छे परिणाम सामने भी आने लगे हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि कृषक देश की नीवहै और देश का विकास गांव की पगडंडियों, खेत, खलियानों से होगा उन्होंने संवेदनशीलता के साथ किसान हित में निर्णय लेते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि को बढ़ाया प्रदेश में हमारी सरकार ने इसमें 3000 रुपए और जोड़कर इसे 9000 रुपए कर दिया उन्होंने कहा कि प्रदेश को कृषि निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में मई महीने में ग्लोबल राजस्थान एग्रोटेक मीट 2026 का आयोजन किया जाएगा इसमें देश और विदेश के कृषि विशेषज्ञ वैज्ञानिक और तकनीकी जानकार लोगों को जोड़ा जा रहा है उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री तथा कृषि से जुड़े अन्य गणमान्य विशेषज्ञ को इस सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया ।



## गत सरकार के 5 साल की तुलना में हमने 25 महीने में अधिक काम किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में जोर देकर कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार ने पिछली सरकार की तुलना में 25 महीने में ही अधिक काम करके दिखाया है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के 25 महीने के कार्यकाल में फार्म पॉन्ड बनाए जबकि पिछली सरकार ने पहले 25 महीने में केवल 8152 फॉर्म पॉइंट बनाए थे इसी तरह हमने 25 महीने के कार्यकाल में फार्म पॉन्ड पर कृषकों को 303 करोड रुपए का अनुदान दिया और पिछली सरकार इस अवधि में केवल फॉर्म पॉइंट पर कृषकों को 48 करोड रुपए का ही अनुदान दिया था इसी तरह हमारी सरकार ने खेत पर तारबंदी, शेडनेट हाउस स्वामित्व कार्ड वितरण डिग्गी निर्माण गौशालाओं को सहायता सहित विभिन्न कृषि से जुड़े क्षेत्र में पिछली सरकार की तुलना में कई गुना अधिक कार्य किया ।

## भजनलाल शर्मा ने सम्मेलन के आयोजन के लिए कृषि मंत्री को धन्यवाद दिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पश्चिमी क्षेत्रीय सम्मेलन के प्रथम आयोजन के लिए कृषि मंत्री को धन्यवाद दिया उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन में कृषि विकास के लिए जो वैचारिक मंथन होगा वह कृषि के भविष्य को नई दिशा देगा इस कांफ्रेंस में विभिन्न विषय पर प्रस्तुतियों के माध्यम से कृषि उत्पादन जल प्रबंधन फसल सुरक्षा डिजिटल कृषि प्राकृतिक खेती और कृषककी इनकम बढ़ाने जैसे विषयों पर होने वाली चर्चा देश भर के विशेष तौर पर राजस्थान के किसानों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी।

## कृषि बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार किसान हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है हमने विकसित राजस्थान 2047 की कार्य योजना तैयार की है जिसके तहत फसल श्रेणी वार लक्षणों का निर्धारण किया है हमने कृषि बजट में 34 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए वर्ष 2026- 27 के लिए 119408 करोड रुपए का प्रावधान किया है उन्होंने कहा कि राजस्थान आज बाजार सरसों इस बगोल जैसे उत्पादों में देश में प्रथम स्थान पर है जिसे अब प्रोसेसिंग यूनिट्स के जरिए और अधिक लाभकारी बनाया जाएगा साथ ही दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोड़ दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि राजस्थान कृषि में नई ऊंचाइयां छू रहा है हमारी सरकार द्वारा सिंचाई और पेयजल के लिए राम जल सेतु लिंक परियोजना यमुना समझोता आईएनजीपी गंग नहर और सोम कमला आंबा सहित अनेक परियोजनाएं संचालित की जा रही है ।

## किसानों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों को अब पारंपरिक तरीकों के स्थान पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जिससे कृषि नौकरी और व्यापार से भी अधिक लाभकारी बन सके मुख्यमंत्री ने किसानों से कृषि में आधुनिक कृषि तकनीक सिंचाई के लिए फवारा सिस्टम और पारंपरिक फसलों के साथ आधुनिक फसल को शामिल करने का आवाहन किया इसके अलावा उन्होंने रासायनिक उर्वरक के अंधाधुंध उपयोग पर चिंता जताते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार खाद्य प्रयोग करने और भविष्य के लिए भूमि की उर्वरता बनाए रखने की अपील की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कृषि के साथ पशुपालन को जोड़ने पर विशेष जोर दिया ताकि प्राकृतिक खाद की उपलब्धता बड़े और लागत में कमी लाकर कृषक की आय को बढ़ाया जासके ।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने नितिन नवीन से की मुलाकात, 45 मिनट की मुलाकात में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में मुलाकात की दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक अकेले में बातचीत हुई दोनों नेताओं के बीच आपस में हुई इस लंबी बातचीत को राजस्थान में पार्टी के संगठन के हिसाब से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है भजनलाल शर्मा ने सोमवार को ही तमिलनाडु के कोयंबटूर में विधानसभा चुनाव में रोड शो का आयोजन किया था इसके अगले दिन जिस तरह से मुख्यमंत्री शर्मा दिल्ली में जाकर मिले हैं तो कहीं ना कहीं लेकिन नवीन ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार प्रसार और प्रदर्शन के बारे में भी चर्चा जरूर की होगी क्योंकि शर्मा को तमिलनाडु ही नहीं बल्कि पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है इसके अलावा नितिन नवीन यह अच्छी तरह से जानते हैं कि भजन लाल शर्मा पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों को बहुत अच्छी तरह से समझते भी हैं और जानते भी हैं क्योंकि करीब 20 साल तक मुख्यमंत्री शर्मा राजस्थान भाजपा में महामंत्री पद पर नियुक्त रहे और महामंत्री पद के दौरान राजस्थान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को



बदलते रहे लेकिन हर प्रदेश अध्यक्ष ने भजनलाल शर्मा को अपनी टीम में महामंत्री पद पर नियुक्ति दी इसलिए विभिन्न राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में नितिन नवीन मुख्यमंत्री शर्मा की सलाह और सुझाव को जरूर अहमियत भी देते हैं इसीलिए मंगलवार को नितिन नवीन ने तमिलनाडु और अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव से जुड़ी तमाम गतिविधियों और विषयों के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा से चर्चा की है इसके अलावा राजस्थान में भाजपा के संगठन को लेकर दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों को लेकर बातचीत हुई बताया गया है कि राजस्थान में पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल लगातार प्रदेश की भजनलाल सरकार पर दबाव बना रहे हैं कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से भी चुनाव करवाने को लेकर जबरदस्त तरीके से सरकार और चुनाव आयोग पर विपक्षी दलों की ओर से दबाव बनाया जा रहा है ऐसे में मुख्यमंत्री शर्मा और नितिन नवीन के बीच हुई बातचीत में पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को लेकर भी बातचीत हुई है तथा प्रदेश में पार्टी के संगठन की गतिविधियों और पार्टी की वस्तु स्थिति का भी कहीं ना कहीं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फीडबैक लिया है मुख्यमंत्री शर्मा और नितिन नवीन के बीच आपस में हुई बातचीत में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के वादों के क्रियान्वयन, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, सरकार की सवा दो साल की उपलब्धियां और विकास कार्यों को लेकर भी आपस में चर्चा हुई है नितिन नवीन यह भी जानते हैं कि मुख्यमंत्री शर्मा ने पिछले में राजस्थान में जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करने और नए-नए प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में शानदार काम किया है राजस्थान में हर क्षेत्र में जबरदस्त तरीके से विकास कार्य हुए हैं लेकिन सत्ता और संगठन के बीच बेहतर तालमेल और समन्वय होना भी बहुत जरूरी है इसलिए सत्ता और संगठन के बीच आपस में प्रभावी तरीके से तालमेल होने जैसे विषय को लेकर नितिन नवीन ने राजस्थान में और भी गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए हैं ।

# 3 महीने में देश के सभी किसानों की फार्मर आईडी का काम होगा पूरा, फार्मर आईडी से खाद का किया जाएगा डिस्ट्रीब्यूशन : चौहान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर में पत्रकार सम्मेलन में मंगलवार को जयपुर में आयोजित पश्चिम एशिया कृषि सम्मेलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि अगले 3 महीने में प्रदेश के सभी किसानों की फार्मर आईडी तैयार करने का कार्य कंप्लीट कर लिया जाएगा और फिर फार्मर आईडी के माध्यम से ही प्रत्येक कृषक को खाद का वितरण किया जाएगा उन्होंने कहा कि यह पूरा कार्य वैज्ञानिक तरीके से संपादित किया जाएगा अगर कोई जमीन का मालिक अपनी जमीन को खेती कार्य के लिए किसी दूसरे कृषक को दे देता है तो उसे भी फार्मर आईडी के माध्यम से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने कहा कि फार्मर आईडी की वजह से खाद वितरण का कार्य पूरी तरह से व्यवस्थित तरीके से बिना किसी गड़बड़ियों के संपादित होगा क्योंकि फार्मर आईडी बन जाने से वे लोग खाद नहीं ले पाएंगे जो खुद को कृषक बताते हैं इसलिए फार्मर आईडी से खाद की कालाबाजारी जमाखोरी और भ्रष्टाचार की बिल्कुल भी गुंजाइश नहीं होगी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पश्चिम एशिया कृषि सम्मेलन में किसान की आजीविकी बढ़ाने, दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ाने तथा खेती के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, सब्जी फ्रूट और फूल उत्पादन बढ़ाने जैसे सब्जेक्ट पर प्रभावित तरीके से कार्य करने की जरूरत बताई गई इसके अलावा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के विषय पर भी सम्मेलन में बोल दिया गया चौहान ने कहा कि सम्मेलन में देश में प्रत्येक राज्य को अपना कृषि रोड मैप तैयार करने को कहा गया है उन्होंने कहा कि देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग जींस का उत्पादन होता है अलग-अलग राज्यों में जमीन की अलग-अलग प्रकृति और सिंचाई सुविधाओं की अलग-अलग तरीके होते हैं इसलिए प्रत्येक राज्य को उसकी भौगोलिक स्थिति, जमीन की गुणात्मक स्थिति, कृषि संसाधन, सिंचाई संसाधन इत्यादि के आधार पर कृषि का रोड मैप बनाने को कहा गया है ताकि प्रत्येक राज्य में उसके हालातो और स्थिति के अनुसार प्रभावी रूप से कृषि उत्पादन को बढ़ाया जा सके चौहान ने बताया कि पश्चिम एशिया कृषि सम्मेलन में प्रत्येक राज्य को विकसित कृषि संकल्प अभियान को संपादित करने के निर्देश भी दिए गए हैं इस अभियान के माध्यम से प्रत्येक राज्य कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों, और किसानों के साथ संवाद करके अपने-अपने राज्य में खेती में नवाचार और नवीन प्रयोगों के माध्यम से विभिन्न कृषि जिंसों फल फ्रूट फूल इत्यादि का उत्पादन बढ़ाने पर जोर देंगे चौहान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि देशभर में विभिन्न राज्य कृषि में नवाचार और नवीन प्रयोग कर रहे हैं जिसमें राजस्थान में मरुस्थल इलाके में खजूर और अन्य वस्तुओं का प्रभावी तरीके से उत्पादन किया जा रहा है इसी तरह से गोवा में सब्जी उत्पादन के लिए विशेष नवाचार और प्रयोग किए गए जहां पर सब्जी कॉर्पोरेट के माध्यम से सब्जी का उत्पादन किया जा रहा है और फिर उत्पादित सब्जी को बेरोजगार युवकों की ओर से बेचा जा रहा है जो अपने आप में एक बड़ा कदम कहा जा सकता है इसी तरह से महाराष्ट्र और गुजरात में भी खेती में कई तरह के नवाचार हो रहे हैं मध्य प्रदेश में फार्मर आईडी के माध्यम से कृषक को खाद का डिस्ट्रीब्यूशन किया जा रहा है जिसे अब पूरे देश में लागू किया जाएगा उन्होंने कहा कि देश में गेहूं और चावल के पर्याप्त भंडार हैं गेहूं और चावल भारत पूरी दुनिया को खिला सकता है लेकिन दलहन और तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है पश्चिम एशिया कृषि सम्मेलन में दलहन और तिलहन के उत्पादन को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है तथा कृषक छोटी जमीन पर अच्छा उत्पादन करके अपनी कमाई को ज्यादा कैसे करें।



अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
08 अप्रेल, 2026

## 15 मई तक आयोजित होगा मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विकसित राजस्थान @ 2047 के विजन के अनुरूप जिले में मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान 15 मई तक आयोजित होगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विकसित राजस्थान @ 2047 के विजन के अनुरूप योजनाबद्ध विकास हेतु राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफोर्मेशन एंड इनोवेशन (रीति) के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाने हेतु मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/शहरी वार्ड अभियान की शुरुआत की है, जिसका संचालन 15 मई तक किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत एवं वार्ड का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसमें अल्पकालिक योजना (वर्ष 2030 तक), मध्यकालीन योजना (वर्ष 2035 तक) एवं दीर्घकालीन योजना (वर्ष 2047 तक) का विकास का रोडमैप तैयार होगा। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत में वार्ड की डायनेमिक प्रोफाइल तैयार की जाएगी, जिसके तहत उपलब्ध संसाधनों एवं बुनियादी सुविधाओं का आकलन किए जाने हेतु डेटाबेस तथा विकास की प्राथमिकताओं का निर्धारण निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के सम्पूर्ण क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण में कार्यक्रम हेतु जिला स्तर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्र हेतु नोडल अधिकारी तथा जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को शहरी क्षेत्र हेतु नोडल अधिकारी एवं समस्त नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारियों को सह नोडल अधिकारी व सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक को तकनीकी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में उपखण्ड स्तर पर समस्त उपखण्ड अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं विकास अधिकारियों को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर निर्देशित किया गया है कि संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम/आयोजन के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु निर्देशों की अक्षरशः पालना करवाया जाना सुनिश्चित करें।

## 17 यूनिट रक्त एकत्रित, रोटरी क्लब का '7 का साथ' अभियान जारी




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब ऑफ अलवर द्वारा अपने स्थायी प्रकल्प '7 का साथ' के अंतर्गत मंगलवार को रोटरी ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवा भावना का परिचय देते हुए कुल 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के उपचार में सहायक होगा। शिविर के आयोजन में हॉप चैरिटी फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। फाउंडेशन के सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि '7 का साथ' अभियान के तहत क्लब प्रत्येक माह की 7 तारीख को रक्तदान शिविर आयोजित करता है, जिससे ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बनी रहे और जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके। शिविर में स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोटरी क्लब से राजेश सिंहल, विकास के. गुप्ता और हर्ष गुप्ता ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को क्लब की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने कहा कि रोटरी का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने हॉप चैरिटी फाउंडेशन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि संस्थाओं के आपसी समन्वय से ही बड़े सामाजिक परिवर्तन संभव होते हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सदस्य हर्ष गुप्ता, हॉप चैरिटी फाउंडेशन की रेखा अग्रवाल, अलका खंडेलवाल, गुंजन खंडेलवाल, रेखा गर्ग, अंजू गर्ग, रेखा बंसल, रोटरी चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश सिंहल व सचिव ललित कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## किशनगढ़बास सीएचसी में अव्यवस्थाओं पर सख्त कार्रवाई, चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले के किशनगढ़बास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई व्यवस्था खराब पाई गई, वहीं दवाइयाँ और चिकित्सा उपकरण अस्त-व्यस्त स्थिति में मिले। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में अप्रशिक्षित कर्मचारी कार्यरत थे और प्रभारी चिकित्सक डॉ. अतुल गौड स्वयं अनुपस्थित मिले। इस स्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए जिला कलेक्टर ने डॉ. गौड को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला कलेक्टर ने बताया कि केन्द्र पर स्वच्छता एवं हाइजीन मानकों का पालन नहीं होने से संक्रमण और बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है, जिससे मरीजों को असुविधा होती है और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसे राजकार्य के प्रति घोर लापरवाही माना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।



दो महीने से बह रहा लाखों लीटर पानी, विभाग बना मूकदर्शक

लापरवाही से बर्बाद हो रहा अमूल्य अमृत

जयपुर टाइम्स

अलवर।(निसं.) गोपेश कुमार शहर के एनईबी थाने के पीछे जलदाय विभाग की मुख्य पाइपलाइन पिछले करीब दो महीनों से लगातार लीकेज का शिकार है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार विभाग अब तक इस गंभीर समस्या से आंखें मूंदे बैठा है। इस लीकेज के कारण रोजाना सैकड़ो लीटर पानी सड़कों और नालियों में बहकर व्यर्थ हो रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने जलदाय विभाग को इसकी शिकायत दी, लेकिन केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं। क्षेत्रवासियों में विभाग की इस उदासीनता को लेकर आक्रोश है।

सरकार के प्रयासों पर फिरता पानी

एक तरफ राज्य सरकार जल संकट से निपटने के लिए योजनाएं बना रही है और लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी ओर जलदाय विभाग की लापरवाही इन प्रयासों पर पानी फेरती नजर आ रही है। जिस पानी को बचाने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, वही पानी खुलेआम बर्बाद हो रहा है।

पेयजल संकट के बीच बर्बादी

गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और शहर के कई इलाकों में पहले से ही पानी की किल्लत देखने को मिल रही है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ यह लीकेज आमजन के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

बीमारियों का भी खतरा

सड़क पर लगातार बहते पानी के कारण गड्ढे बन रहे हैं और कीचड़ फैल रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ने का खतरा भी मंडरा रहा है। यह स्थिति न केवल पानी की बर्बादी है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनती जा रही है।

कब जागेगा विभाग ?

सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कब तक जलदाय विभाग अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़े रहेगा? क्या किसी बड़े हादसे या जनआंदोलन का इंतजार किया जा रहा है?

जनता की मांग

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस लीकेज को तुरंत ठीक कराया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जाए।

## *खबर का असर*

*जयपुर टाइम्स में सोमवार को प्रकाशित दो माह से बह रहा लाखो लीटर पानी, विभाग बना मूकदर्शक शीर्षक नामक खबर प्रकाशित होते ही जलदाय विभाग हरकत में आया। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर लीकेज ठीक करने का काम शुरू किया। स्थानीय लोगों को इससे राहत मिली।*

# स्वच्छता को हर हाल में धरातल पर लागू करेंगे, प्रदेश को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा बनाएंगे : के के गुप्ता

### राज्य के मुख्यमंत्री भी प्रदेश में स्वच्छता के सम्बन्ध में गंभीर, कर रहें हैं नियमित मॉनिटरिंग

### स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के राज्य ब्रांड एम्बेसडर के के गुप्ता ने ली बैठक



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के राज्य ब्रांड एम्बेसडर के. के. गुप्ता ने मंगलवार को जिले के सभी नगर निकायों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ जिला सचिवालय सभागार में बैठक ली।
बैठक में गुप्ता ने कहा कि 2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छता की हुंकार भरी थी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अब जनआंदोलन का रूप ले चुकी है, हर व्यक्ति-हर वर्ग ने स्वच्छता की ताकत को पहचाना है। उन्होने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में स्वच्छता के सम्बन्ध में पूर्ण गंभीरता से कार्य करते हुए प्रदेश को अग्रिम पंक्ति में लाने का प्रयास कर रहे हैं और इसके सम्बन्ध में नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से न केवल व्यक्ति स्वस्थ रहता है बल्कि उसकी उम्र भी बढती है। किसी भी क्षेत्र के विकसित और समृद्ध होने के साथ साथ स्वच्छ होना भी बेहद आवश्यक है।
गुप्ता ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन शहर और ग्रामीण में राजस्थान प्रदेश को उत्कृष्ट स्थान पर देखने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी दृढ़ संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि स्वच्छता के कार्यों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं निगरानी रखी जा रही है वहीं विभाग के उच्च स्तर तक भी मॉनिटरिंग रखते हुए प्रत्येक छोटे-बड़े निकाय के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़े हुए हैं, इनके द्वारा प्रतिदिन कार्यों की समीक्षा की जा रही है।

**स्वच्छता की दी जाएगी रैंकिंग**

सभी निकायों को स्वच्छता पर चल रहे कार्यों के आधार पर चार भागो में बाँटा गया है। ए केटेगरी के निकायो में अभी स्वच्छता के प्रति श्रेष्ठ कार्य चल रहा है। बी केटेगरी के निकायो में स्वच्छता के प्रति संतोषजनक कार्य किये जा रहे है। सी केटेगरी के निकायो में स्वच्छता के कार्यो के प्रति गंभीरता नहीं है सुधार के लिए चेतावनी दी जानी आवश्यक है। डी केटेगरी के निकायों में सख्त कारवाई की आवश्यकता है।

**स्वच्छता के मुख्य सूत्र**

डोर टू डोर कचरा संग्रहण-नियमित समय बद्ध रूप से गीला एवं सूखा अलग-अलग प्रातः 10 बजे से पहले कचरा संग्रहण तथा एक गाड़ी से 400 घरों तक का कचरा संग्रहण कार्य किया जाए। प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग रोकते हुए नियमित रोकथाम की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
सामुदायिक शौचालय एवं मूत्रालय की सफाई-सामुदायिक शौचालय एवं मूत्रालयों की सफाई दिन में तीन बार होनी चाहिए। रंग रोंगन तथा पानी की व्यवस्था सुचारु होनी चाहिए।
रात्रिकालीन सफाई-कॉमर्शियल क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई नियमित होनी चाहिए। एक व्यक्ति को 400 मीटर से ज्यादा की सफाई नहीं दी जावे। रेडियम की जेकेट कर्मचारी पहने हुए होने चाहिए।
खाली प्लॉट आदि की सफाई-अखबार में विज्ञप्ति के माध्यम से सभी खाली प्लॉट को साफ करने हेतु सूचना जारी करे तथा 3 दिन में सफाई न करने पर निकाय अपने स्तर पर सफाई करवाए तथा 10 गुणा तक जुर्माना वसूल करे। अन्यथा प्लाट को सीज करने तक की कार्यवाही करे। बाग बगीचों की सफाई-बगीचों में सफाई व्यवस्था, बच्चों के झूले, रंग रोंगन, सुचारु फव्वारे, अच्छी घास एवं पेड़ हो एवं मरम्मत कार्य व्यवस्थित हो।
इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। डिवाइडर्स पर रंग रोंगन तथा बीच में अच्छे पेड़ हो। इलेक्ट्रीक पोल पर लाईट बन्द न हो। सड़के एवं नालियां टूटी-फूटी नहीं हो। फव्वारे सभी शुरू रहे। दुकानदारों के यहां कचरा पात्र हो। टूरिस्ट पोईंट्स पर विशेष सफाई व्यवस्था हो। अवैध मीट मांस की दुकाने संचालित न हो। झील एवं तालाबों में सीवरेज तथा गंदा पानी नहीं जाना चाहिए तथा गंदगी मुक्त हो। सीवरेज के कार्य के अन्तर्गत सड़क मेंटनेस का कार्य तथा शिकायत का तुरन्त निस्तारण हो। सड़को एवं खुले में कचरा डालने वालो पर आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जावे।
उन्होंने इस दौरान जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ संवाद भी किया साथ ही उन्होंने विभिन्न कार्यों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, नगर परिषद आयुक्त खैरथल मुकेश शर्मा, नगर परिषद आयुक्त भिवाड़ी मुकेश कुमार, नगर परिषद आयुक्त तिजारा मनीषा यादव, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलदार शैतान सिंह यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में मित्तल हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क परामर्श एवं जाँच शिविर, 79 लोग हुए लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को मित्तल हॉस्पिटल हॉस्पिटल प्रांगण में निःशुल्क परामर्श शिविर एवं मधुमेह, ब्लड प्रेशर जाँच शिविर लगाया गया। यह शिविर मित्तल हॉस्पिटल एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया। शिवर प्रातः 09:30 बजे से 1:30 बजे तकलगाया गया। इस मौके पर मेदांता हॉस्पिटल से आई ट्रेनर पूर्णिमा द्वारा बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग आमजन एवं स्टाफ को दी गयी। वहीं तकरीबन 30 स्टाफ मेम्बर्स एवं कुछ मरीज के परिजनों को भी ट्रेनिंग दी गयी। ट्रेनिंग के बाद सभी को सर्टिफिकेट भी वितरित किये गए। मित्तल हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.महेश जैन (पूर्व पी.एम.ओ.) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाये देते हुए सभी के अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामनाये करते हुए बताया कि मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में मित्तल हॉस्पिटल हॉस्पिटल प्रांगण में निःशुल्क परामर्श शिविर एवं निःशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर जाँच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कुल 79 लोग लाभान्वित हुए। सभी की निःशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर की जाँच की गयी। इसके साथ ही 79 लोगो में से 13 लोग हाई ब्लड प्रेशर तथा 11 लोग मधुमेह रोग से पीड़ित पाए गए, 11 में से 3 लोग ऐसे भी थे जिनको ये पता ही नहीं था कि उनको मधुमेह रोग ने जकड लिया है। तीनो मरीजो की शुगर 350 द्दद्द/स्रद्य पायी गई थी। मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक एवं सीनियर फिजिशियन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. एस. सी. मित्तल ने मरीजो को निःशुल्क परामर्श देकर दवाई लिखी सभी मरीजो को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गयी। जिससे मरीजो को काफी संतुष्टि प्राप्त हुई। डॉ.एस.सी.मित्तल ने सभी को सडेनट्री हैबिट्स शुगर, साल्ट, स्प्रिट, स्मोक, स्ट्रेस को कम करने या बिलकुल ख़त्म करने का आह्वान किया तथा समय पर संतुलित आहार, समय पर उठाना - सोना, सुबह - शाम नियमित योग, ध्यान योग, घूमना आपको डॉक्टर के पास आने से बचा सकते है। साथ ही डॉ. मित्तल ने बताया कि इस वर्ष का विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम : 'स्वास्थ्य के लिए एक जुट , विज्ञान के लिए खड़े रहें' है। बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग आमजन के लिए भी उतनी जरुरी है जितनी एक मेडिकल स्टाफ के लिए क्योकि आये दिन आजकल हार्ट अटैक के केस बहुत ज्यादा आ रहे है यदि आमजन घरो में ही फर्स्ट ऐड देकर मरीज को हॉस्पिटल तक लाये तो जान बचाई जा सकती है। सी.पी.आर. की ट्रेनिंग भी इस मौके पर दी गयी। मित्तल हॉस्पिटल में आयोजित इस शिविर में डॉ.एस.सी.मित्तल, लता सी बोस, बीना ओमप्रकाश, रवि शर्मा, सुनील, सर्जिना , प्रह्लाद इत्यादि ने अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान की।

## मतदाता सूची में गड़बड़ियों के विरोध में कांग्रेस का आपत्ति पत्र

### निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगरीय निकाय चुनाव 2026 के तहत नगर निगम अलवर द्वारा 24 मार्च को प्रकाशित प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूचियों में गंभीर त्रुटियां सामने आने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने आपत्ति दर्ज कराई है। जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को विस्तृत आपत्ति पत्र सौंपते हुए सूचियों में सुधार की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रकाशित मतदाता सूचियों में बड़ी संख्या में मृत मतदाताओं के नाम, वार्ड परिसीमन सीमा से बाहर रहने वाले व्यक्तियों के नाम तथा स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम शामिल हैं। वहीं कई पात्र मतदाताओं के नाम सूची से गायब पाए गए हैं, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।
जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि फरवरी 2026 में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के माध्यम से त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जा चुकी थी। इसके बावजूद मार्च में पुरानी और त्रुटिपूर्ण सूची का प्रकाशन किया जाना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाता है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को एसआईआर के दौरान हटाए गए अपात्र मतदाताओं की बूथवार सूची भी उपलब्ध कराई और एक पेन ड्राइव के माध्यम से संबंधित डाटा सौंपा। कांग्रेस ने मांग की कि अपात्र मतदाताओं के नाम तत्काल प्रभाव से सूची से हटाए जाएं तथा सभी पात्र मतदाताओं के नाम शीघ्र जोड़े जाएं, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि मतदाता सूची की त्रुटियों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो पार्टी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।
इस दौरान अजीत यादव, गफूर खान, जोगेन्द्र कोचर, योगेश मिश्रा, कमलेश सैनी, जीतकौर सांगवान, लीली यादव, मुकेश सारवान, प्रीतम मेहंदीरत्ता, रमन सैनी, गौरव यादव, राकेश बैरवा, रिपुदमन गुप्ता, पंकज शर्मा, प्रमेन्द्र शर्मा, साहुन खान, डॉ. संदीप सैनी, कृष्ण कुमार खण्डेलवाल, छंगामल लखेरा, राजेश कृष्णसिद्ध, गौरीशंकर विजय, जमशेद खान, आमीन महर, अंशुल सैनी, प्रशांत राजा, मोतीलाल सैनी, रामराज मीणा, धर्मेन्द्र खटीक, योगेश शर्मा, पवन शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, डालचंद महावर, नीमा चौधरी, राजेश मीणा, खेमचंद महावर, रहमत कपड़े वाला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली जिला पोषण अभिसरण एवं योजना समिति की बैठक

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं में सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के दिए निर्देश

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण अभिसरण एवं योजना समिति की बैठक लेकर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रगति एवं पोषाहार वितरण की विस्तृत समीक्षा कर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




जिला कलक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतर विभागीय समन्वय से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की धरातल पर प्रभावी क्रियान्वित्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की ब्लॉकवार विस्तृत समीक्षा कर प्रगति पर असंतोष जाहिर करते हुए समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिए कि योजना की प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग कर निर्धारित लक्ष्यानुसार शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अवश्यकता अनुसार फेसियल रिकॉगनिशन के लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष कैंप आयोजित किये जावे। जिला कलक्टर ने पोषाहार वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा कर निर्देश दिए कि फेसियल रिकॉगनिशन के माध्यम से जिले में शत-प्रतिशत पोषाहार का नियमित तौर पर वितरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से बच्चों की उचित प्रकार से ग्रोथ मॉनिटरिंग कर आवश्यकतानुसार काउंसलिंग एवं चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध करावे। उन्होंने मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित दूध वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रमेश चन्द सैनी, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक महेश गुप्ता, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. छबील कुमार सहित समस्त सीडीपीओ एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 2100 ध्वजवाहकों के साथ निकली हनुमान ध्वज यात्रा, भगवामय हुआ शहर







जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित हनुमान ध्वज यात्रा का आयोजन इस वर्ष 12वीं बार धूमधाम से किया गया। लगभग 2100 ध्वजवाहकों और हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी से शहर भगवामय नजर आया। यात्रा का समापन मोती डूंगरी स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में सामूहिक आरती और भंडारे के साथ हुआ।
कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार शाम अग्रसेन चौराहा स्थित थोक फल-सब्जी मंडी परिसर में आयोजित धर्मसभा से हुई। धर्मसभा में संत समाज से महंत बालकनाथ महाराज, गंगादास जी महाराज (अयोध्या धाम), ब्रह्म मुनि जी महाराज, दिनेश फलाहारी महाराज, चमनदास जी महाराज, और संजना बाई सहित अनेक संतों ने भाग लिया।
विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री राजाराम ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज किसी को छेड़ने की प्रवृत्ति नहीं रखता, लेकिन संस्कृति पर वार करने वालों का मुकाबला करने का सामर्थ्य भी समाज में मौजूद है। वहीं महंत बालकनाथ महाराज ने कहा कि इस प्रकार की ध्वज यात्राएं समय-समय पर आयोजित होती रहनी चाहिए, इससे हिंदू समाज में एकता और जागरूकता का भाव बढ़ता है।
कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ. के.के. गुप्ता की उपस्थिति में विहिप जिला मंत्री विजेंद्र खंडेलवाल ने स्वागत संबोधन दिया। प्रांत सह प्रमुख प्रेम राजावत ने यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला, जबकि आयोजन समिति प्रमुख प्रेम गुप्ता ने यात्रा मार्ग और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। मंच संचालन डॉ. गंगाश्याम गुर्जर और सौरभ कालरा ने किया। आयोजन समिति के अनुसार यात्रा हजारों महिला-पुरुष, बच्चे और संत शामिल हुए। यात्रा का मार्ग अग्रसेन चौराहा, भगत सिंह चौराहा, घंटाघर, पंसारी बाजार, होप सर्कस, कंट्रोल रूम, मनु मार्ग, ज्योतिबा फुले चौराहा और नया बास से होते हुए मोती डूंगरी हनुमान मंदिर तक रहा। मार्ग में करीब 30 स्थानों पर विभिन्न व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने यात्रा का स्वागत किया। विहिप जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र छाबड़ा ने बताया कि यात्रा में छह आकर्षक झांकियां शामिल की गईं, जिनमें श्रीराम दरबार, बाहुबली हनुमान, महाकाल, गोमाता और अन्य धार्मिक-सामाजिक संदेश देने वाली झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं। भगवान राम के श्याम वर्ण में बाल रूप की सजीव झांकी ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में विहिप जिला अध्यक्ष डॉ. रामदयाल मीणा ने सभी संतों, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# वसुंधरा जी अभी भी लोकप्रिय और वरिष्ठ नेता हैं उन्होंने जो कहा है वह ठीक ही कहा हैः डॉ.राधा मोहन अग्रवाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान भाजपा के प्रभारी डॉ.राधामोहन दास अग्रवाल ने मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वसुंधरा राजे पार्टी की काफी वरिष्ठ और सम्मानित नेता हैं और अभी भी लोकप्रिय नेता हैं अगर उन्होंने कोई बात कही है तो वह बात ठीक ही कही है उनकी बात को इग्नोर नहीं किया जा सकता उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चलने वाली पार्टी है, हमारी पार्टी में सभी के विचार और सुझाव लिए जाते हैं डॉ अग्रवाल ने यह बात पत्रकारों के उस सवाल के जवाब में कहीं जब पत्रकारों ने डॉ अग्रवाल से पूछा कि पिछले दिनों वसुंधरा राजे ने पार्टी में समर्पित भाव से काम करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान और पद देने की बात कही थी जिस पर डॉक्टर अग्रवाल ने कहा कि वसुंधरा राजे ने अगर कोई बात कही है तो वह ठीक ही कही है कुल मिलाकर वसुंधरा राजे ने पिछले दिनों पार्टी में समर्पित भाव से काम करने वाले पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को मौका और अवसर देने की जो बात कही थी उस पर डॉ अग्रवाल ने अपनी भी स्वीकृति दे दी है एक अन्य सवाल के जवाब में डॉक्टर अग्रवाल ने कहा कि मैंने कभी भी प्रदेश भाजपा के संगठन की टीम के सिलेक्शन में हस्तक्षेप नहीं किया क्योंकि संगठन पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष चलता है इसलिए मैंने इस विषय पर कभी भी ध्यान नहीं दिया उन्होंने कहा कि आज मैंने प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के संगठन से जुड़े सभी नेताओं से बातचीत की है सभी से परिचय किया है जिसमें सामने आया कि पार्टी की संगठन में काम करने वाले सभी नेता काफी अनुभवी और समर्पित नेता हैं उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन बेस पार्टी है और यहां पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता निचले स्तर से मेहनत और कार्य करके आगे बढ़ता रहता है इसलिए पार्टी में सभी नेता और कार्यकर्ता काफी अनुभवी और मेहनती हैं लेकिन संगठन में नियुक्ति या अन्य क्षेत्र में सभी कार्यकर्ताओं को एक ही समय पर एडजस्ट करना काफी मुश्किल हो जाता है लेकिन हमारी पार्टी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को काम करने का अवसर और मौका देती है और सभी नेताओं को कुछ ना कुछ काम दिया जाता है एक अन्य सवाल के जवाब में डॉक्टर राधा मोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में पार्टी का संगठन बहुत ही अच्छी तरह से अपनी जिम्मेवारी को निभा रहा है यहां संगठन से जुड़े नेता समर्पित और सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं प्रदेश में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है एक अन्य सवाल के जवाब में डॉक्टर अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश भाजपा कार्यालय में फिर से पार्टी कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम को शुरू करवाया जाएगा अग्रवाल ने कहा कि मंत्रियों के पिछले जनसुनवाई कार्यक्रम में कितने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया और कितने कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निवारण किया गया इस विषय पर भी फीडबैक लिया जाएगा और कार्यकर्ता जनसुनवाई कार्यक्रम को रोका गया है उसे फिर से शुरू करवाने के बारे में गंभीरता से विचार विमर्श किया जा रहा है हालांकि डॉक्टर अग्रवाल ने कहा कि जब यहां कार्यालय में बैठकर मंत्री कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना करते थे उसके बारे में वास्तविक जानकारी ठीक तरह से मीडिया उपलब्ध नहीं करवा पाया जनसुनवाई कार्यक्रम के उलट मीडिया में खबरें प्रसारित होती थी लेकिन पार्टी के संगठन से जुड़े नेता भी चाहते हैं कि प्रदेश भाजपा कार्यालय में फिर से सरकार के मंत्री आए और पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निवारण करें इसलिए फिर से मंत्रियों के भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की समस्याओं के निवारण के लिए आने के विषय को सुनिश्चित किया जाएगा ।

## यात्रियों की सुविधा हेतु मैसूरू-जोधपुर-मैसूरू एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु मैसूरू-जोधपुर-मैसूरू एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 06273, मैसूरू-जोधपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 13.4.26, 20.4.26 व 27.4.26 को (3 ट्रिप) मैसूरू से सोमवार को 20.15 बजे रवाना होकर बुधवार को 17.00 बजे जोधपुर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 06274, जोधपुर-मैसूरू एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 16.4.26, 23.4.26 व 30.4.26 को (3 ट्रिप) जोधपुर से गुरूवार को 22.45 बजे रवाना होकर शनिवार को 18.00 बजे मैसूरू पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग मे मंड्या, कैंगेरि, बेंगलुरू, यशवंतपुर, तुमकूर, अरसीकेरे, कडूरू, दावणगेरे, हावेरि, हुब्बल्लि, धारवाड, बेलगावि, घटप्रभा, मिरज, सांगली, कराड, सातारा, पुणे, लोनावला, कल्याण, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, साबरमती, महेसाना, पालनपुर, आबूरोड, पिडवाडा, जवाईबांध, फालना, रानी, मारवाड जं., पाली मारवाड व लूनी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकण्ड एसी, 3 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 6 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित 22 डिब्बे होगे।

## कृषि पर्यवेक्षक को रिश्वत के 1000 रुपए लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया,2500 रुपए पहले ऑनलाइन ले चुका था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने मंगलवार को प्रदेश में अलवर के खेत में सिहाली खुर्द में एक कार्रवाई को अंजाम देते हुए कृषि पर्यवेक्षक को 1000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है गिरफ्तार अभियुक्त रामस्वरूप है जो कृषि पर्यवेक्षक के पद पर तैनात है जिसने फवारा पाइपलाइन अनुदान बिल को पास करने के बदले परिवादी से 3500 रुपए की रिश्वत मांगी थी जिस पर 2500 रुपए की रिश्वत रामस्वरूप परिवादी से पहले ही ऑनलाइन तरीके से ले चुका था और बाकी के रिश्वत के पैसे के लिए वह परिवादी पर लगातार दबाव बना रहा था जिसके बाद परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एसीबी ने आरोपी कृषि पर्यवेक्षक रामस्वरूप को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत मंगलवार को जैसे ही परिवादी ने कृषि पर्यवेक्षक रामस्वरूप को रिश्वत के 1000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ रामस्वरूप को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।

## किशोरी का अबॉर्शन कियाः पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को घूस लेकर छोड़ दिया, एसपी ने सर्किल इंस्पेक्टर और कांस्टेबल को लाइनहाजिर किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में कोटा जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुधीर शंकर ने मध्य प्रदेश के एक डॉक्टर से अबॉर्शन के मामले में रिश्वत लेने के आरोप में आरोपी सर्किल इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह और कांस्टेबल को लाइन हाजिर कर दिया है जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 जुलाई महीने में कोटा के चेचक थाना पुलिस में मामला दर्ज हुआ था जिसमें पुलिस ने नाबालिक लड़की को दस्तयाब किया और मामले की जांच पड़ताल करने पर पता चला कि मध्य प्रदेश के एक डॉक्टर ने नाबालिक लड़की का अबॉर्शन किया पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए मध्य प्रदेश के आरोपी डॉक्टर को दो बार पुलिस स्टेशन में भी बुलाया लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिसमें सामने आया कि इस मामले में सर्किल इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह और कांस्टेबल ने आरोपी डॉक्टर से 7 लाख रुपए की रिश्वत ली थी इसलिए आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार नहीं किया गया जिस पर रामगंज मंडी के सर्किल इंस्पेक्टर घनश्याम मीणा को इस पूरे मामले की जांच पुलिस अधीक्षक की ओर से दी गई घनश्याम मीणा ने इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जिसमें आरोपी डॉक्टर से सर्किल इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह और कांस्टेबल के रिश्वत की रकम लेने की बात सही साबित हुई इसके बाद कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने आरोपी सुरेंद्र सिंह और कांस्टेबल को फिलहाल लाइन हाजीर कर दिया है ।

## चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड पर दुधवाखारा-हड़याल-डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य : रेलसेवाएं आंशिक रद्द रहेगी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड के मध्य दुधवाखारा-हड़याल- डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमेटिक सिंगनलिग ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य हेतु रेलसेवाओं को मार्ग परिवर्तित किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 14891 जोधपुर-हिसार रेलसेवा जो दिनांक 14.4.26 को जोधपुर से प्रस्थान करेगी वह रतनगढ तक ही संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा रतनगढ-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी तरह गाडी संख्या 14892, हिसार-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 15.4.26 को हिसार के स्थान पर रतनगढ से संचालित होगी। अर्थात् यह रेल सेवाहिसार-रतनगढ के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।उक्त रेलसेवाओं को पूर्व प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चुरू-हिसार-चुरू के मध्य भी आंशिक रद्द किया गया है।

## चांदी की कीमत में मामूली बढ़ोतरी, सोना रहा स्थिर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली तथा सोने की कीमत स्थिर रही मंगलवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी की कीमत में 200 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई इस तरह से मंगलवार को चांदी 238500 रुपए प्रति किलो में बेची गई जबकि सोने की कीमत में बिल्कुल भी बदलाव देखने को नहीं मिला जयपुर सराफा बाजार में मंगलवार को शुद्ध सोना की कीमत151800 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 142000 रुपए प्रति 10 ग्राम निश्चित थी इस तरह से मंगलवार को जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में ज्यादा हलचल देखने को नहीं मिली हालांकि पिछले कई महीनो से जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत मे जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिले कभी कई दिनों तक रोजाना चांदी की कीमत में बढ़ोतरी देखी गई तो फिर अचानक चांदी की कीमत कई दिनों तक रोजाना कम होती हुई भी देखी गई इसी तरह से सोने की कीमत में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिले इसलिए सोने और चांदी की कीमत में जबरदस्त उतार-चढ़ाव का असर सोने और चांदी के कारोबार पर भी हुआ है जो लोग पहले सोने और चांदी में अच्छा इन्वेस्ट किया करते थे।

## केरलम में 'इंदिरा गारंटी' से आएगा बदलाव, यूडीएफ की जीत तयः टीकाराम जूली

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का केरलम विधानसभा चुनाव में जोरदार चुनाव प्रचार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली केरलम के दो दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। जूली ने कोट्टायम पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमेन चांडी के पुत्र कांग्रेस प्रत्याशी चांडी ओमेन के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र-पुदुपल्ली में एक जनसभा को संबोधित किया। जूली ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि केरलम की जनता वर्तमान सरकार के कुशासन से त्रस्त है और इस बार राज्य में कांग्रेस नीत यूडीएफ के पक्ष में भारी जनसमर्थन और बदलाव की लहर स्पष्ट दिखाई दे रही है। जूली ने पुरजोर शब्दों में कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा की नफरत की राजनीति के खिलाफ जो जंग छेड़ी है, आज पूरा देश इस मुहिम में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने केरलम की जनता से अपील की है कि वे नफरत को हराने और समाज को जोड़ने के इस संघर्ष में राहुल गांधी का मजबूती से साथ दें। जूली ने कहा कि केरलम में इंदिरा गारंटी ही असली बदलाव लाएगी और यूडीएफ की जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ राहुल गांधी जो जंग लड़ रहे हैं, देश के भविष्य के लिए हमें उसमें उनका मजबूती से साथ देना है। जूली ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने और पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केरलम के चुनाव में कांग्रेस की इंदिरा गारंटी इस वक्त सबसे बड़ा मुद्दा बनी हुई है जिसके तहत महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, कॉलेज छात्राओं के लिए 1,000 रुपये मासिक भत्ता, युवाओं को स्वरोजगार के लिए 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण और कल्याणकारी पेंशन को बढ़ाकर 3,000 रुपये करने जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही, समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कांग्रेस अपने समावेशी विकास के एजेंडे पर अडिग है केरलम में बढ़ते स्वास्थ्य खर्च पर गंभीर चिंता जताते हुए जूली ने कहा कि आज भी यहां 70 प्रतिशत से अधिक चिकित्सा व्यय, जिसे आउट ऑफ़ पॉकेट एक्सपेंसेस कहा जाता हैं, गरीब जनता को अपनी जेब से वहन करना पड़ता है, जो आर्थिक रूप से भारी बोझ है। उन्होंने बताया की कि केरलम में यूडीएफ की सरकार बनने पर राजस्थान की चिरंजीवी योजना की तर्ज पर यहां भी पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के नाम से एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाएगी जिसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित कर उन्हें चिकित्सा खर्चों से पूरी तरह मुक्त किया जाएगा। राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि केरलम में 2022 से 2023 के बीच महिलाओं के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि केरलम में बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने वालों की संख्या देश में सर्वाधिक (2,191 मामले) है। इसके अलावा, राज्य में नशे का जाल इस कदर फैल चुका है कि वर्ष 2024 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 27,701 मामले दर्ज किए गए, जो पंजाब (9,025 मामले) की तुलना में तीन गुना से भी अधिक हैं। जूली ने आह्वान किया कि केरलम के मतदाताओं ने एलडीएफ के शासन को देख लिया है और अब समय आ गया है कि वे प्रदेश की खुशहाली और बेहतर शासन के लिए इस बार यूडीएफ को सेवा का अवसर दें।

## प्रदेश में आईपीएल की तर्ज पर आरपीएल के आयोजन के प्रयास, होनहार क्रिकेटरों को उचित प्लेटफार्म दिलाने की तैयारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य क्रिकेट संघ के तदर्थ कमेटी के कन्वीनर डीडी कुमावत को हटाने के साथ ही प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों की भलाई के लिए नए कन्वीनर मोहित यादव और कमेटी के अन्य सदस्य धनंजय सिंह , अर्जुन बेनीवाल, आशीष तिवारी और अरिस्ट सिंघवी अलर्ट मोड पर नजर आ रहे हैं मोहित यादव अपनी नई टीम के साथ प्रदेश में आईपीएल की तर्ज पर राजस्थान प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के बारे में गंभीरता से विचार विमर्श कर रहे हैं इसके लिए तदर्थ कमेटी के सभी सदस्य यह चाहते हैं कि प्रदेश में राजस्थान प्रीमियर लीग जैसी प्रतियोगिता का आयोजन करवा कर प्रदेश में होनहार क्रिकेटरों को आगे बढ़ाया जा सकता है इसलिए राजस्थान प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े सभी विषयों पर गंभीरता से मंथन किया जा रहा है इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कैसे और किस तरह से मदद ली जा सकती है इसके बारे में भी विचार विमर्श किया जा रहा है तदर्थ कमेटी के सदस्यों का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिता से प्रदेश में क्रिकेट का एक नया माहौल बनेगा जिसमें उन क्रिकेट खिलाड़ियों की भी प्रतिभा सामने आएगी जो अब तक अपनी प्रतिभा को ठीक तरह से सबके सामने दिख नहीं पाए हैं इसलिए इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए मोहित यादव और तादाद कमेटी के बाकी सभी सदस्य पूरी तरह से तैयार दिख रहे हैं जानकारी के अनुसार वर्तमान में राज्य क्रिकेट संघ की तदर्थ कमेटी में शामिल सभी लोग एकजुट नजर आ रहे हैं और कमेटी के सभी सदस्यों में बहुत अच्छा तालमेल और समन्वय बना हुआ है जबकि डीडी कुमावत के कन्वीनर रहने के दौरान कमेटी के सदस्यों में आपस में समन्वय और तालमेल बिल्कुल भी नहीं था जिसकी वजह से कमेटी में टकरावऔर विरोधाभास की खबरें मीडिया की सुर्खियों में बनीरही जिससे प्रदेश में क्रिकेट और क्रिकेटरों का भी काफी नुकसान हुआ लेकिन वर्तमान में नए कन्वीनर मोहित यादव और कमेटी के अन्य सभी चार सदस्य पूरी तरह से एकजुट दिख रहे हैं और जिस तरह से राजस्थान प्रीमियर लीग प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी सदस्य सामूहिक रूप से प्रयास कर रहे हैं उससे ऐसा दिख रहा है कि प्रदेश में बहुत जल्दी ही राजस्थान प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का आयोजन हो सकता है और अगर यह प्रतियोगिता आयोजित होती है तो निश्चित रूप से छोटे-छोटे शहर और गांव में बैठे टैलेंटेड खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकता है हालांकि पत्रकारों से बातचीत के दौरान कमेटी के कन्वीनर मोहित यादव ने राज्य क्रिकेट संघ के चुनाव भी जल्दी ही आयोजित करवाने की बात कही है और प्रदेश में क्रिकेट से जुड़ी सभी गतिविधियों में क्रांतिकारी बदलाव लाने की बात भी उन्होंने कही है अब देखने वाली बात यह है कि मोहित यादव ने जो बातें पत्रकारों के समक्ष कही है उस पर वे कितना खरा उतरते हैं ।

## पीलूपुरा में प्रस्तावित गुर्जर महापंचायत स्थगित, अपनी मांगों को लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात करेंगे गुर्जर नेता

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पीलूपुरा में आज प्रस्तावित गुर्जर महापंचायत को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है मंगलवार को पीलूपुरा में धरना स्थल पर बैठे 372 रीट अभ्यर्थियों के पास तहसीलदार और पुलिस के अधिकारी गए यहां दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई जिसमें बातचीत के दौरान तहसीलदार और पुलिस के अधिकारियों ने गुर्जर नेताओं को जिला कलेक्टर की ओर से बातचीत के लिए बुलाए जाने की बात कही इसके बाद गुर्जर नेता श्री राम बैसला के नेतृत्व में गुर्जर समाज के एक प्रतिनिधिमंडल कि आज जिला कलेक्टर से बातचीत होने वाली है यह बातचीत आज दोपहर को होगी इस बातचीत में गुर्जर नेताओं की ओर से 372 रीट अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की जाएगी यह प्रमुख मांग है इसलिए गुर्जर नेताओं ने कहा है कि अगर उनकी मांग पर सकारात्मक जवाब मिलता है तो फिर महापंचायत आयोजित नहीं की जाएगी और अगर सकारात्मक जवाब सरकार की ओर से नहीं आता है तो फिर महापंचायत आयोजित की जाने की अगली तारीख जल्दी ही घोषित की जाएगी जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पीलूपुरा में 372 रीट अभ्यर्थियों की ओर से धरना दिया जा रहा है धरने पर बैठे सभी अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति की मांग कर रहे हैं इस मांग को गुर्जर समाज भी लामबंद हो गया है पिछले दिनों गुर्जर नेता श्री राम बैसला ने घोषणा की थी कि अगर सरकार ने उनकी मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो फिर 8 अप्रैल को पीलूपुरा में ही गुर्जरों की एक बड़ी महापंचायत आयोजित की जाएगी जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी गुर्जर समाज के नेताओं की इस चेतावनी के बाद जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी हरकत में आए और पीलूपुरा में आयोजित किया जा रहे धरने के बारे में स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने शासन सचिवालय और पुलिस मुख्यालय में बैठ बड़े अधिकारियों को इस पूरे मामले से अवगत करवाया इसके बाद सोमवार को इलाके के संबंधित तहसीलदार और पुलिस के अधिकारी पीलूपुरा में धरना स्थल पर पहुंचे जहां पर उन्होंने धरना दे रहे अभ्यर्थियों को जिला कलेक्टर की ओर से बातचीत के लिए बुलाए जाने की बात कही जिस पर मौके पर मौजूद गुर्जर समाज के नेता राम बैसला ने धरने पर बैठे सभी अभ्यार्थियों और गुर्जर समाज के अन्य नेताओं से पहले बातचीत की और फिर गुर्जर समाज के नेताओं ने निर्णय लिया कि एक बार जिला कलेक्टर से मुलाकात करके उन्हें अपनी मांग को बताना चाहिए इसलिए आज दोपहर गुर्जर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांग को लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात कर रहा है।

## कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी की बेटी की कार का विधानसभा भवन के सामने एक्सीडेंट, कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश के पूर्व मंत्री तथा कांग्रेस पार्टी के मौजूदा विधायक हरीश चौधरी की बेटी आस्था चौधरी की कार का सोमवार की देर रात राजस्थान विधानसभा के मुख्य दरवाजे के सामने एक्सीडेंट हो गया सड़क पर अचानक कुत्तों के आ जाने की वजह से कुत्तों को बचाने के प्रयास में कार का संतुलन बिगड़ गया और कार विधानसभा भवन के मुख्य गेट के सामने बिजली के पोल से टकराकर पेड़ से टकरा गई जिसकी वजह से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया हालांकि इस दुर्घटना में कारमें सवार सभी लोग बाल बाल बच गए हैं किसी के भी चोट नहीं आने की बात कहीं जा रही है इस मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह का मामला पुलिस में भी दर्ज नहीं करवाया गया था जैसे ही कांग्रेस नेता हरीश चौधरी के समर्थकों को यह पता चला कि उनकी बेटी की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है तो बड़ी संख्या में समर्थक चौधरी के आवास पर भी पहुंचे और चौधरी से फोन करके उनकी बेटी के हाल-चाल भी जाने हालांकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था इसलिए क्षतिग्रस्त गाड़ी की हालत देखकर हर कोई अंदाजा लगा रहा था की गाड़ी में सवार लोगों के भी कहीं ना कहीं चोट आई है लेकिन जिस तरह से इस मामले में पुलिस में किसी भी तरह की रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है उसके बाद यह माना जा रहा है की गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं ।

## ऑपरेशन एंटी वेनम अभियान में पुलिस की कार्रवाई, 106 ग्राम गांजा सहित नशा कारोबारी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा( निस)।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटी वेनम अभियान के तहत पुलिस थाना फुलेरा ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक नशा कारोबारी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 106 ग्राम गांजा व गांजा बिक्री की 12 हजार 470 रुपये की राशि जब्त की है। जिला जयपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद (आईपीएस) ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश (आईपीएस) के निर्देशानुसार 15 मार्च से 30 अप्रैल तक जिले में ड्रग्स तस्करों, सप्लायरों व उपभोक्ताओं के विरुद्ध विशेष ऑपरेशन एंटी वेनम अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन तथा थाना अधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम की ओर से अवैध मादक पदार्थ के धंधे में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना संकलन के दौरान कस्बा फुलेरा में मां मैरिज गार्डन के पास करण सांसी की ओर से अपने घर से गांजा सप्लाई करने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी करण सांसी के मकान की तलाशी ली, जहां से 106 ग्राम अवैध गांजा व गांजा बिक्री की 12 हजार 470 रुपये की नकदी बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी करण सांसी पुत्र सुरेश, उम्र 21 वर्ष, निवासी सांसी बस्ती, जोबनेर रोड, फुलेरा का है। पुलिस आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद, फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## विद्या भारती ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा।** विद्या भारती संस्थान जिला समिति धौलपुर की ओर से आदर्श विद्या मंदिर, आवासन मंडल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रांत निरीक्षक अरुण कुमार दुबे रहे। कार्यक्रम में आदर्श विद्या मंदिर राजाखेड़ा के आनंद कुमार उदैनियां, सृष्टि शर्मा, युवराज सिंह, सुरभि उदैनिया व ऋषिका जोशी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रचारक रौनक, नाहरसिंह सिकरवार, यदुनाथ शर्मा, जयंत मोदी, राजीव झा सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

## बच्चों को दी स्वच्छ जीवनशैली की सीख



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हुनर शक्ति फाउंडेशन की ओर से राजकीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम का संकल्प दिलाकर की गई। फाउंडेशन के सदस्यों ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने के सही तरीके, पौष्टिक भोजन के महत्व तथा बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य विषय पर भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियां भी आयोजित हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## सम्पादकीय

### युद्ध की आग में झुलसती रसोई, जमा खोरी और महंगाई की दोहरी मार




पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से उपजा संकट अब गहराने लगा है। पेट्रोलियम पदार्थों की वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से भारत समेत कई देशों में ईंधन की उपलब्धता काफी कम हो गई है। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। देश में सरकार की ओर से भले ही यह दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है, लेकिन हाल में व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर और विमान ईंधन की कीमतों में की गई बढ़ोतरी से स्पष्ट है कि संकट धीरे-धीरे अपने पांव पसार रहा है। सरकार देश भर में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति में देरी को लेकर जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उससे लोगों में कई तरह की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इस बीच, पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी ने समस्या को और बढ़ा दिया है। इसके मद्देनजर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को घरों में ईंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाने और ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने को भी कहा गया है। गौरतलब है कि ईरान तथा इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध शुरू होने के करीब एक माह बाद कई देशों में तेल और गैस का व्यापक संकट खड़ा हो गया है। ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बंद किया है, उसके बाद भारत सहित कई देशों में बड़े पैमाने पर तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हुई है। ईंधन की कमी से उपजा वैश्विक संकट अब जिस स्तर पर बढ़ता जा रहा है, उसका भारत पर भी गहरा असर देखने को मिल रहा है, क्योंकि वह कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के लिए अन्य देशों पर अधिक निर्भर है। ऐसे में अगर युद्ध लंबा खिंचा तो आने वाले दिनों में किस तरह की परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को ईंधन आपूर्ति के वैकल्पिक उपायों पर अब व्यापक स्तर पर और गंभीरता से विचार करना होगा। देश में सरकार के समक्ष चुनौती सिर्फ तेल और गैस की कमी की ही नहीं है, बल्कि इसकी जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने की भी है। मौजूदा संकट का दायरा इसलिए भी बढ़ता जा रहा है, क्योंकि आपदा में अवसर तलाशने वालों में मुनाफा कमाने की होड़ लग गई है। जमाखोरी कर रसोई गैस सिलेंडर ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद आम लोगों को कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे में राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकार की ओर से ऊर्जा के वैकल्पिक उपायों के तौर पर लोगों को घरों में इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिक कुकटाप जैसे साधनों का इस्तेमाल करने की सलाह भी दी जा रही है, ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम की जा सके। मगर, इन उपायों को अपनाना भी आम लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है, क्योंकि बाजार में इंडक्शन चूल्हे और इलेक्ट्रिक कुकटाप की कीमतें अब आसमान छू रही हैं।



## कहानी

### कर भला हो भला

एक दफ़ा का ज़िक्र है कि एक बत्तख़ दरिया के किनारे रहती थी क्योंकि उसका नर मर चुका था। वो बेचारी हमेशा बीमार रहती थी। एक दिन उसकी तबीयत ज़्यादा ख़राब हो गई तो वो डाक्टर के पास गई। डाक्टर ने उसे बताया कि तुम्हारी बीमारी ऐसी है कि तुम जल्द मर जाओगी। उसे ये सुनकर सदमा हुआ क्योंकि उसके पास एक अण्डा था। उसे डर लगा कि अगर मैं मर गई तो इस अंडे का क्या होगा जिसके ख़ोल से जल्द ही बच्चा निकलने वाला था और फिर उस बच्चे को कौन संभालेगा। लिहाज़ा वो अपने सब दोस्तों के पास गई जो जंगल में रहते थे। उसने अपने दोस्तों को अपनी सारी कहानी सुनाई लेकिन उन्होंने मदद करने से इनकार कर दिया। बेचारी बत्तख़ ने इसकी काफ़ी मिन्नतें कीं कि खुदा के लिए तुम लोग मरने के बाद मेरे बच्चे को अपना साया देना लेकिन किसी ने उसकी बात न मानी। बेचारी बत्तख़ भी क्या करती। उसके ज़ह्न में ख़्याल आया कि क्यों न मैं अपने भाई मुर्ग़े के पास जाऊँ, वो ज़रूर मेरी मदद करेगा लिहाज़ा वो मुर्ग़े के पास गई और उसे सारा क़िस्सा सुनाया, 'मुर्ग़ भाई आप मेरे बच्चे के मामूँ जैसे हो प्लीज़ आप ही मेरे बच्चे को अपना साया देना।' बोला, 'मैं तुम्हारे बच्चे को रख लेता लेकिन मेरी बेगम मुर्ग़ी ये बात नहीं मानेगी लिहाज़ा मुझे बहुत अफ़सोस से कहना पड़ रहा है कि मैं ये काम नहीं कर सकता लिहाज़ा तुम मुझे माफ़ कर देना।' बत्तख़ इधर से मायूस हो कर अपने घर वापिस आ गई और सोचना शुरू कर दिया कि अब क्या किया जाए। अचानक उसके ज़ह्न में एक तरकीब आई और उसने मौक़ा ढूँढ कर ये काम अंजाम दे दिया और खुद जा कर एक दरख़्त के किनारे बैठ गई। उसके बाद बत्तख़ की तबीयत और बिगड़ गई और ऐसी बिगड़ी कि उसकी मौत हो गई। जब मुर्ग़ी के बच्चे अंडों से बाहर निकले तो उनमें एक बत्तख़ का बच्चा भी था। मुर्ग़ तो सब जान गया था लेकिन उसने मुर्ग़ी को बताना मुनासिब न समझा। मुर्ग़ी ने काफ़ी शोर-शराबा किया और बोली मेरे बच्चों के साथ बत्तख़ का बच्चा नहीं रहेगा। मुर्ग़ ने उसे काफ़ी समझाया लेकिन मुर्ग़ी ने उसका कहना नहीं माना। मुर्ग़ी ने अपने बच्चों को मना कर दिया कि बत्तख़ के बच्चे से किसी को बात नहीं करनी है। सबने मुर्ग़ी की बात मान ली लेकिन दो चूज़ों ने अपनी माँ की बात न मानी और वो जो खुद खाते थे, अपने साथ इस बत्तख़ के बच्चे को भी खिलाते थे। मुर्ग़ी को बत्तख़ के बच्चे से सख़्त नफ़रत थी, वो उसे देखना भी पसंद नहीं करती थी। एक दिन मुर्ग़ी के ज़ह्न में ख़्याल आया कि हम सब मिल कर दरिया के किनारे सैर को जाएंगे। हम सब वापस आ जाएंगे और बत्तख़ के बच्चे को वहीं छोड़ आएँगे। इस तरह से जान छूट जाएगी। वो लोग सैर को निकले। वहाँ पहुँचते ही एक चूज़ा दरिया के किनारे चला गया और डूबने लगा। ये देखकर मुर्ग़ी ज़ोर-ज़ोर से चीख़ने चिल्लाने लगी चूँकि बत्तख़ के बच्चे को तैरना आता था लिहाज़ा उसने फ़ौरन दरिया में तैरना शुरू कर दिया और उस चूज़े को निकाल कर बाहर आया। मुर्ग़ी ने जब ये देखा तो अपने किए पर काफ़ी शर्मिंदा हुई

# केंद्रीय बलों में आईपीएस की तैनाती का सवाल

दशकों से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में आईपीएस अधिकारी तैनात रहकर अपना योगदान देते आ रहे हैं। केंद्रीय बलों की मुख्य भूमिका आंतरिक सुरक्षा, सीमा सुरक्षा और औद्योगिक सुरक्षा है। ये बल राज्य पुलिस बलों की सहायता के लिए तैनात किए जाते हैं। केंद्र और राज्यों के बलों में बेहतर समन्वय के लिए जरूरी है कि केंद्रीय बलों में आईपीएस अधिकारी तैनात रहें। भारत में संघीय प्रणाली लागू है। संविधान के अनुच्छेद 312 के तहत अखिल भारतीय सेवाओं का प्रविधान इसी उद्देश्य से किया गया था ताकि केंद्र और राज्यों में वे अपनी जिम्मेदारियों का निष्पादन कर सकें। केंद्रीय सशस्त्र बल माओवाद प्रभावित इलाकों, जम्मू कश्मीर और उत्तर-पूर्वी राज्यों में आतंकवाद से निपटने के लिए राज्यों की सहायता के लिए तैनात हैं। उक्त विधेयक को सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के संबंध में मई 2025 में दिए गए निर्णय के खिलाफ समझा जा रहा है। मई 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को ऑर्गेनाइज्ड ग्रुप ए सर्विसेज मानते हुए कुछ वित्तीय लाभ देने के आदेश दिए थे और केंद्रीय बलों के अधिकारियों की पदोन्नति के अवसरों को बढ़ाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक स्तर तक प्रतिनियुक्ति को आगामी दो साल में धीरे-धीरे कम करने का कहा था। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के आधार पर केंद्रीय बलों के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने यह मांग रख दी कि उनकी सर्विसेज संगठित प्रकार की होने से




इन दिनों संसद की ओर से पारित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक चर्चा में है। इस विधेयक का उद्देश्य आईपीएस अधिकारियों की केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में प्रतिनियुक्ति पर तैनाती का नियमितीकरण करना है। इसमें यह प्रविधान है कि पुलिस महानिरीक्षक स्तर के 50 प्रतिशत पद आईपीएस अफसरों की प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। इसी प्रकार अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के न्यूनतम 67 प्रतिशत पद आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। जहां तक विशेष महानिदेशक एवं महानिदेशक के पदों का प्रश्न है, समस्त अर्थात सौ प्रतिशत पद आईपीएस अधिकारियों के लिए प्रतिनियुक्ति हेतु आरक्षित रहेंगे। चूंकि उप-महानिरीक्षक एवं कनिष्ठ स्तर के पदों के संबंध में विधेयक मौन है, इसलिए यही लगता है कि इन पदों के संबंध में नियम पूर्व अनुसार ही लागू रहेंगे। प्रस्तावित नियम पांच प्रकार के केंद्रीय बलों क्रमशः सीआरपीएफ, बीएसएफ, आइटीबीपी, सीआइएसएफ और सशस्त्र सीमा बल पर लागू होंगे।

दशकों से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में आईपीएस अधिकारी तैनात रहकर अपना योगदान देते आ रहे हैं। केंद्रीय बलों की मुख्य भूमिका आंतरिक सुरक्षा, सीमा सुरक्षा और औद्योगिक सुरक्षा है। ये बल राज्य पुलिस बलों की सहायता के लिए तैनात किए जाते हैं। केंद्र और राज्यों के बलों में बेहतर समन्वय के लिए जरूरी है कि केंद्रीय बलों में आईपीएस अधिकारी तैनात रहें। भारत में संघीय प्रणाली लागू है। संविधान के अनुच्छेद 312 के तहत अखिल भारतीय सेवाओं का प्रविधान इसी उद्देश्य से किया गया था ताकि केंद्र और राज्यों में वे अपनी जिम्मेदारियों का निष्पादन कर सकें। केंद्रीय सशस्त्र बल माओवाद प्रभावित इलाकों, जम्मू कश्मीर और उत्तर-पूर्वी राज्यों में आतंकवाद से निपटने के लिए राज्यों की सहायता के लिए तैनात हैं। उक्त विधेयक को सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के संबंध में मई 2025 में दिए गए निर्णय के खिलाफ समझा जा रहा है। मई 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को ऑर्गेनाइज्ड ग्रुप ए सर्विसेज मानते हुए कुछ वित्तीय लाभ देने के आदेश दिए थे और केंद्रीय बलों के अधिकारियों की पदोन्नति के अवसरों को बढ़ाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक स्तर तक प्रतिनियुक्ति को आगामी दो साल में धीरे-धीरे कम करने का कहा था।

सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के आधार पर केंद्रीय बलों के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने यह मांग रख दी कि उनकी सर्विसेज संगठित प्रकार की होने से प्रतिनियुक्ति को समाप्त किया जाए और उन्हीं के अधिकारी उनके बलों को नेतृत्व प्रदान करें। केंद्रीय बलों के कुछ अधिकारियों ने भी प्रतिनियुक्ति के खिलाफ मोर्चा सा खोल दिया। यह किसी भी अनुशासित बल को शोभा नहीं देता। सुप्रीम कोर्ट ने 2025 के अपने आदेश में कहा था कि केंद्रीय बलों के काडर की समीक्षा की जाए और उनके भर्ती नियमों और सेवा शर्तों में आवश्यक बदलाव किया जाए। इस पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय बलों को एक संगठित ग्रुप मानते हुए यह नहीं कहा था कि आईपीएस अफसरों की प्रतिनियुक्ति न की जाए। इसके बजाय सुप्रीम कोर्ट ने यह माना था कि केंद्र एवं राज्यों में बेहतर तालमेल के लिए आईपीएस अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर इन बलों में तैनात करना एक नीतिगत निर्णय है, जो सरकार को लेना है। केंद्रीय बलों को आईपीएस अफसरों द्वारा नेतृत्व प्रदान करने और वरिष्ठ पदों पर तैनात होने पर न तो सुप्रीम कोर्ट ने कुछ कहा और न ही यह विवाद का मुद्दा था। इसलिए महानिदेशक सहित वरिष्ठ पदों पर तैनाती के मुद्दे पर किसी बहस का प्रश्न नहीं उठता। वैसे भी राज्यों में आपरेशन संबंधी गतिविधियों के समन्वय के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक या विशेष पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी तैनात रहते हैं। आईपीएस अधिकारी अति कठिन राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के माध्यम से सर्विस में दाखिल होते हैं। उनके विशिष्ट प्रशिक्षण और मैदानी अनुभव के कारण उनकी केंद्रीय सशस्त्र बलों में तैनाती एक उचित निर्णय है। अखिल भारतीय सेवाओं के जनक और स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा भारतीय पुलिस सेवा का गठन इस उद्देश्य से किया गया था, ताकि संघीय प्रणाली सुचारु रूप से चल सके। आईपीएस अफसरों ने बीते दशकों में सरदार पटेल के सपनों को साकार किया है। उनके योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इन अफसरों ने केंद्रीय बलों को सींचा है और उन्हें सक्षम नेतृत्व प्रदान किया है। जहां तक महानिरीक्षक स्तर तक प्रतिनियुक्ति को कम करने का प्रश्न है, यह सरकार का एक नीतिगत निर्णय है और सुप्रीम कोर्ट का इसमें दखल देना उचित प्रतीत नहीं होता। न्यायपालिका का क्षेत्राधिकार कानून की व्याख्या करना है, न की नीति बनाना या उसमें हस्तक्षेप करना, जब तक कि वह संविधानप्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन न करे या वह मनमानी हो। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार यह स्पष्ट किया है कि कोर्ट को नीतिगत निर्णय में दखल देने की आवश्यकता नहीं है और न ही वह अपने को अपीलीय प्राधिकार के रूप में रख सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने 'इंडियन एक्स-सर्विसमैन मूवमेंट बनाम यूनियन आफ इंडिया' (2022) मामले में भारत सरकार की 'वन रैंक-वन पेंशन' सिद्धांत को नीतिगत निर्णय कहते हुए उसमें दखल देने से मना किया था। अतः केंद्र का केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में आईपीएस अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर आपरेशनल और फंक्शनल आवश्यकता के अनुसार तैनात करने का अधिकार एक नीतिगत निर्णय है।

# संबंध सुधारने को तैयार बांग्लादेश

इसमें बड़ा कारण है बांग्लादेश में प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत प्रथम की नीति। बांग्लादेश में फरवरी में हुए चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की भारी जीत ने भारत में मिश्रित भाव पैदा किए, क्योंकि बीएनपी ऐतिहासिक तौर पर भारत के खिलाफ मुखर रहने वाला दल रहा है। इसका कारण भारत का शेख हसीना के प्रति लगाव माना जाता था, पर अवामी लीग की अनुपस्थिति में यह पहली बार है कि बीएनपी का नया नेतृत्व भारत के साथ मधुर संबंधों की वकालत कर रहा है। इसकी शुरुआत बीएनपी प्रमुख एवं प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अपनी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को ढाका आने का न्योता भेजकर की। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री का ढाका दौरा नहीं हो पाया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत की अगुआई की। यह पहल महत्वपूर्ण रही। इसके साथ ही तारिक रहमान जिस

विश्व राजनीति के भौगोलिक पक्ष को देखा जाए तो ज्ञात होता है कि पड़ोसी देशों से संबंधों में लगातार मधुरता और समन्वय बनाए रखना मुश्किल होता है, वह चाहे अमेरिकी महाद्वीप में अमेरिका और उसके पड़ोसी देशों के बीच हो या फिर दक्षिण एशिया में भारत और उसके पड़ोसियों के बीच। मुश्किल तब आती है, जब तनाव ऐसे पड़ोसियों के साथ हो, जिनकी साझा संस्कृति, इतिहास, बोली-बानी और अन्य समानताएं होती हैं। पिछले दस वर्षों में नेपाल, श्रीलंका, मालदीव या फिर बांग्लादेश के साथ संबंध लगातार भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति की परीक्षा लेते रहे हैं। कई अवसरों पर ऐसा लगा कि किसी तीसरे देश ने खटास-तनाव का फायदा उठा लिया। भारत की विदेश नीति पड़ोसियों के साथ व्यापार करने और आर्थिक संबंधों की तरह ही आत्मीय संबंधों को बराबर महत्व देने की रही है। इससे पड़ोसी देशों से तनाव कम करने में मदद मिली है। इन दिनों भारत-बांग्लादेश संबंधों में भी तनाव की कमी आती दिख रही है।

ज्ञात हो कि अगस्त 2024 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार गिरने और उनके भारत में शरण लेने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली वहां की अंतरिम सरकार ने भारत के साथ संबंध बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बांग्लादेश में भड़का छात्र आंदोलन अवामी लीग नेता और प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के खिलाफ था। इस हिंसक आंदोलन के चलते उनका भारत आना एक संयोग मात्र था, लेकिन यूनुस सरकार ने भारत पर जिस तरह तंज कसे, उसे चिढ़ाने का काम किया और शेख हसीना के प्रत्यर्पण को अपनी भारत नीति का मुख्य केंद्र बना दिया, उससे संबंध बिगड़े। अपने लगभग डेढ़ साल के कार्यकाल में यूनुस ने बांग्लादेश और भारत के संबंधों को न केवल द्वेष से भरा, बल्कि बांग्लादेश की आजादी और बांग्लादेशी जनता पर अत्याचार करने वाले पाकिस्तान को मित्र देशों में गिना, लेकिन चुनाव होते ही समय ने करवट ली और भारत-



बांग्लादेश संबंधों में फिर एक नई ऊर्जा का प्रवाह देखा जा सकता है। इसमें बड़ा कारण है बांग्लादेश में प्रधानमंत्री तारिक रहमान की भारत प्रथम की नीति। बांग्लादेश में फरवरी में हुए चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की भारी जीत ने भारत में मिश्रित भाव पैदा किए, क्योंकि बीएनपी ऐतिहासिक तौर पर भारत के खिलाफ मुखर रहने वाला दल रहा है। इसका कारण भारत का शेख हसीना के प्रति लगाव माना जाता था, पर अवामी लीग की अनुपस्थिति में यह पहली बार है कि बीएनपी का नया नेतृत्व भारत के साथ मधुर संबंधों की वकालत कर रहा है। इसकी शुरुआत बीएनपी प्रमुख एवं प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अपनी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को ढाका आने का न्योता भेजकर की। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री का ढाका दौरा नहीं हो पाया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत की अगुआई की। यह पहल महत्वपूर्ण रही। इसके साथ ही तारिक रहमान जिस आत्मीयता से विदेश मंत्री एस. जयशंकर और ओम बिरला से मिले, उससे भी बिगड़े संबंध पटरी पर आते दिखे। यह उल्लेखनीय है? कि गत 25 मार्च को प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अपने राष्ट्रीय संदेश में बांग्लादेश की आजादी के दौरान पाकिस्तान की ओर से किए गए अत्याचारों की कड़ी आलोचना की। भारत ने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई उसकी मुक्ति वाहिनी के साथ मिलकर लड़ी थी और पाकिस्तान को बुरी तरह हराया था। बांग्लादेश की आजादी की कहानी इस देश के साथ भारत का एक मजबूत साझा इतिहास है।

# बेतुकी बयानबाजी

चुनावों के समय कैसी घोर गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी होती है, इसका उदाहरण है पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह विचित्र प्रश्न कि क्या भाजपा के पास चुनाव से पहले एक और पहलगाम हमले के लिए कोई खाका तैयार है? निःसंदेह वे संकेत रूप में यह कहना चाहती हैं कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे भाजपा का हाथ था। यह पहली बार नहीं कि जब किसी नेता ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर बेजा बयान दिया हो। इस हमले के बाद भी कुछ नेताओं ने ऐसे बयान दिए थे कि आखिर आतंकियों के पास इतना समय कहां था कि वे लोगों को मारने के पहले उनका मजहब पूछते? कुछ ने भारत सरकार पर पहलगाम गए पर्यटकों की सुरक्षा में जानबूझकर ढिलाई बरतने के आरोप मढ़े थे।



इसे भी विस्मृत नहीं किया जा सकता कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद भी कुछ नेताओं ने अपने संकीर्ण स्वार्थों को सिद्ध करने के फेर में केंद्र सरकार को ही कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की थी। यह साफ है कि ममता बनर्जी ने अपने वोट बैंक को तुष्ट करने के लिए बेतुका बयान दिया, लेकिन ऐसा करके उन्होंने राष्ट्रीय हितों को गंभीर क्षति ही पहुंचाई। उन्होंने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की उस धमकी के सिलसिले में उक्त बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि भारत ने फिर से अपने लोगों पर ऐसी कोई कार्रवाई की, जिसका दोष पाकिस्तान पर मढ़कर उसे निशाना बनाया तो हम कोलकाता तक हमले करेंगे। निश्चित रूप से पाकिस्तानी रक्षा मंत्री यही कहना चाहते हैं कि पहलगाम हमले से हमारा कोई लेना-देना नहीं था और यह तो भारत का अपना कृत्य अर्थात फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन था, ताकि पाकिस्तान को निशाना बनाया जा सके। उन्होंने यह बयान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इस्लामाबाद को दी गई इस चेतावनी के बाद दिया कि यदि पाकिस्तान से दोबारा आतंकी हमले हुए तो भारत अभूतपूर्व कार्रवाई करेगा। जैसे-जैसे पहलगाम हमले की बरसी करीब आ रही है, पाकिस्तान फिर से इस आतंकी हमले को भारत का अपना गुप्त ऑपरेशन करार देने में लगा हुआ है। यह निराशाजनक और शर्मनाक है कि ममता बनर्जी एक तरह से उसी झूठ को उच्चारित कर रही हैं, जिसे पाकिस्तान दोहरा रहा है। माना कि चुनावों के अवसर पर राजनीतिक दलों में तीखी बयानबाजी होती है, पर इसकी भी एक सीमा होती है। वोट बैंक के लोभ में किसी नेता को इस हद तक नहीं चले जाना चाहिए कि उससे देश के शत्रुओं को लाभ मिले।

# तीसरे दिन भी सिस्टम लापता जिम्मेदार मौन धारण

## कीचड़ में डूबा वेरारामपुरा

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/शिवगंज।** शिवगंज विधानसभा क्षेत्र का वेरारामपुरा गांव इन दिनों बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसने शासन-प्रशासन और पंचायती राज विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर जनप्रतिनिधि मंचों पर सम्मान समारोहों में व्यस्त नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी क्षेत्र का यह गांव कीचड़, गंदगी और अव्यवस्था में पूरी तरह डूबा हुआ है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 3, 4 और 5 की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक बनी हुई है। गांव की मुख्य गली, हनुमानजी मंदिर के पास की गली और रतनामजी वाली गली में हालात इतने खराब हैं कि यहां से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं। गलियों में गंदा पानी जमा है, जिससे पूरा क्षेत्र दलदल में तब्दील हो चुका है। गांव की सड़कों की हालत इस कदर बिगड़ चुकी है कि लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। हर कदम पर फिसलने का खतरा बना हुआ है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे, बुजुर्ग बाहर निकलने से कतराते हैं और महिलाएं दैनिक कार्यों के लिए भी संघर्ष कर रही हैं। गांव की महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सार्वजनिक जल स्रोत (जेएलआर) तक पहुंचने के लिए उन्हें कीचड़ और गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। कई जगहों पर हालात ऐसे हैं कि पानी भरना भी चुनौती बन गया है। यह स्थिति न केवल असुविधा पैदा कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनती जा रही है।

**सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कारः**
स्थिति से तंग आकर ग्रामीणों ने बड़ा निर्णय लेते हुए सभी सरकारी कार्यक्रमों के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक गांव की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक वे किसी भी सरकारी योजना या कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे।

### बीमारी का खतरा बढ़ा, जिम्मेदार बेखबरः

गलियों में भरे गंदे पानी और कचरे के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है, लेकिन इसके बावजूद न तो सफाई अभियान चलाया जा रहा है और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था की जा रही है।

### विकास कागजों में, जमीनी हकीकत शून्यः

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायती राज विभाग की लापरवाही और अनदेखी के चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है। करोड़ों रुपए के विकास कार्य कागजों में ही सिमट कर रह गए हैं, जबकि जमीनी स्तर पर गांव बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। ग्रामीणों का कहना है– 'सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है, वादे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं।'

### तीसरे दिन भी नहीं कोई कार्रवाई, जिम्मेदार मौनः

गांव की समस्या लगातार तीसरे दिन भी जस की तस बनी हुई है। शिकायतों और विरोध के बावजूद न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा और न ही सुधार के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

## सभी ब्लॉकों में चलेगा गौ सम्मान आह्वान अभियान, सौंपे जाएंगे प्रार्थना पत्र



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** साधु-संतों के सानिध्य में संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आगामी 27 अप्रैल से 27 जुलाई तक सभी ब्लॉकों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के माध्यम से गौ माता की रक्षा, गौ हत्या बंद करने तथा गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्रीय आराध्या, राष्ट्र धरोहर अथवा राष्ट्र आधार का सम्मानित दर्जा प्रदान करने की मांग को लेकर आमजन को जागरूक किया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा।अभियान के अंतर्गत सभी ब्लॉकों में महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अथवा उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं गौ भक्तों की भागीदारी रहने की संभावना है। इसी क्रम में आयोजित बैठक में अभियान के तहसील प्रभारी बजरंग जोशी, रामप्रसाद जोशी, महेश चंद दाधीच, भरत चौधरी, राजेश मीणा, दीपक सिंह, जय शर्मा, राहुल चौधरी, अंकित निठारवाल, मनीष चौधरी, अजय जांगिड़, हर्षवर्धन सिंह, गौरी शंकर चौधरी, उर्मी देवी, रतनी देवी, मुकेश कंवर, प्रेम देवी, लाडा देवी सहित कई गौ भक्त उपस्थित रहे।

## इंस्पायर अवार्ड में चयनित दो बालिकाओं का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे के इन्द्रा बाजार स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, फुलेरा में इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित दो छात्राओं का मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या नविता वर्मा ने की। इस अवसर पर छात्राएं देवांशी गौड़ व वंशिका सैनी को इंस्पायर अवार्ड में चयनित होने पर विद्यालय परिवार की ओर से माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या नविता वर्मा ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए अन्य छात्राओं को भी इससे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अनिता पीटर्स, कमला बागड़ी, ललितमोहन शर्मा, मधुबाला वर्मा, सपना कुमावत, नरबहादुर सिंह, बाबूलाल गढ़वाल, गिरीराज सांभरिया, धर्मराज खांडेकर, चन्द्रशेखर त्यागी, एकता वर्मा, राहुल बोदल्या, तरुणा बंसल, अनिता कुमारी, मिनाक्षी मीणा, नीलम राव सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## निःशुल्क नेत्र जांच, चश्मा वितरण का शिविर लगाया



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** नेशनल हाईवे 52 रोड सेफ्टी लाइन व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ, परिवहन आयुक्त, राजस्थान जयपुर की ओर से 88 वां निःशुल्क नेत्र जांच व निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर का आयोजन टोंक रोड चाकसू के पास रामाज रिसॉर्ट मे किया गया। हमेशा की तरह आँखों मे विभिन्न कमी नजदीकी, दूर की जांच की गई। वही कुल 101 चालकों की आँखों जांच कर कमजोर नजर वालों 63 को निःशुल्क चश्मे, आंखों की दवाई भी वितरित की गई। शिविर तकनीकी टीम में जसविंदर, अनन्त लकोटिया शामिल रहे। रामाज रिसॉर्ट के मालिक मोहित टेलर ने रिसोर्ट का बैंक्वेट हॉल निःशुल्क देकर शिविर के लिए सहयोग किया। सचिव प्रताप भाटिया ने बताया कि अगला शिविर सीकर मे लगाया जाएगा। ताकि राजमार्गों पर चलने वाले चालकों की नजर ठीक रखी जा सके। सभी ड्राइवर को बेसिक रोड सेफ़्टी के बारे में बताया गया। अपनी अपनी रोड लाइन में गाड़ी चलाये, नशे में गाड़ी नहीं चलाए। इस शिविर में आरटीओ की काफ़ी अच्छी भूमिका रही।

## सुमेरपुर में विकसित शहरी अभियान शुरू, वार्ड स्तर पर लिए जा रहे सुझाव

**जयपुर टाइम्स/सुमेरपुर(निस)।** नगरपालिका सुमेरपुर ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2026-27 के तहत 'मुख्यमंत्री विकसित शहरी अभियान' की शुरुआत कर दी है। अभियान के तहत शहर के सभी वार्डों में शिविर लगाकर आमजन से विकास संबंधी सुझाव लिए जा रहे हैं। अधिशासी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि पालिका क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसे 15 मई 2026 तक अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके लिए वार्ड स्तर पर नागरिकों की समस्याएं और प्राथमिकताएं दर्ज की जा रही हैं। मंगलवार को वार्ड संख्या 13 स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित शिविर में नागरिकों ने पेयजल, सड़क, सफाई और जल निकासी से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए। अभियान के तहत वर्ष 2030 तक बुनियादी ढांचे के विकास, वर्ष 2035 तक कौशल विकास और वर्ष 2047 तक सतत एवं आत्मनिर्भर शहर के निर्माण के रोडमैप पर चर्चा की जा रही है। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक यशवंत परिहार, भाजपा नेता मंगीलाल सुथार, निवर्तमान पार्षद दिलीप कुमार धांधी, गोविंद कुमावत, कनिष्ठ अभियंता कैलाश कुमार मीणा, सहायक हनवंत सिंह, सतु कुमार, कुलदीप मेहरा, भरत राठौड़, सोहनलाल माली, मुकेश चावड़िया सहित अन्य कर्मचारी एवं वार्डवासी मौजूद रहे। बुधवार को वार्ड 14 व 15 में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगरपालिका ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सुझाव देने की अपील की है।

## स्टेप बाय स्टेप कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** कचोलिया रोड चौमूं स्थित स्टेप बाय स्टेप कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति व सृजनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा रहे, जिनका पारंपरिक साफा पहनाकर विद्यालय के सीएमडी अनुराज सैनी ने स्वागत किया। वहीं डायरेक्टर सरिता सैनी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूरणमल सैनी, कमल सैनी, प्रदीप शर्मा (डीएसपी), भागीरथ शर्मा (एक्सईएन, जेवीवीएनएल), डॉ. मनीष शर्मा व डॉ. अंजू लता सैनी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. मनीष शर्मा ने विद्यालय विकास के लिए एक लाख रुपये की घोषणा कर सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल बिंदिता, कोऑर्डिनेटर विजेता और अंकिता, अर्पिता, मीनू एवं समस्त स्टाफ की ओर से अत्यंत सुव्यवस्थित व प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिससे प्रत्येक प्रस्तुति सुचारु रूप से सम्पन्न हुई। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक व संदेश प्रदान प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण के रूप में 'चार युग', 'जय जवान जय किसान' एवं 'मोबाइल गैजेट्स से पहले का बचपन' विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब सराहना प्राप्त की। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक, सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों का प्रभावशाली संदेश दिया। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक पुष्प सज्जा, रोशनी एवं आधुनिक मंच व्यवस्था से सजाया गया था, जो आयोजन की भव्यता को दर्शा रहा था। समापन अवसर पर डायरेक्टर सरिता सैनी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहना है। यह वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ शिक्षा व संस्कारों के महत्व को सुदृढ़ करने का प्रेरणादायी उदाहरण भी सिद्ध हुआ।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अव्वल छात्रों का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में चौमूं गायत्री परिवार की ओर से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें चौमूं तहसील के 15 विद्यालयों ने भाग लिया। ट्रस्ट सचिव राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष लगभग परीक्षा 1500 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें तहसील स्तर पर रवींद्र विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय ,कालाडेरा से कक्षा 12 में देवन नामा ने प्रथम स्थान, कक्षा 10 से अनन्या नामा ने प्रथम स्थान, रजनी पब्लिक स्कूल चौमूं से कक्षा 12 में तम्मन्ना स्वामी ने प्रथम स्थान, कक्षा 11 में पलक यादव ने द्वितीय स्थान, शिवाजी पब्लिक स्कूल चौमूं से कक्षा 8 में तान्या कुमावत ने प्रथम, कक्षा 7 में कुशाग्र शर्मा ने प्रथम, राजकीय बालिका उ. मा. विद्यालय में कक्षा 6 से मूमल गंगवाल ने द्वितीय स्थान , अजंता वर्ल्ड सी. सै.स्कूल चौमूं से कक्षा 7 में आरोही भारद्वाज ने द्वितीय स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर सी. सै.स्कूल,मोरीजा से कक्षा 5 में तनु गुर्जर ने प्रथम स्थान, टारगेट सी.सै.स्कूल, चौमू से कक्षा 11 में लक्षिता कुमावत ने प्रथम स्थान , महात्मा गांधी राजकीय उ. मा. विद्यालय से कक्षा 6 में निहारिका अग्रवाल ने प्रथम स्थान, श्री नारायण पब्लिक स्कूल, चौमू से कक्षा 8 में शिवराज सिंह ने तृतीय स्थान, राजस्थान विद्या मंदिर सी. सै.स्कूल, चौमू से कक्षा 7 से मानवी सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। सभी को इनाम राशि के साथ सम्मानित किया गया। परीक्षा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति का परीक्षा के माध्यम से परिचित कराना है।

## शहीद रामकरण मीणा का 17वां शहादत दिवस मनाया

### श्रद्धा सम्मान और देशभक्ति से गूंजा डोला का बास

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** ग्राम पंचायत मंडा भिंडा के डोला का बास स्थित शहीद स्मारक पर मंगलवार को शहीद रामकरण मीणा का 17वां शहादत दिवस श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विद्यार्थियों और सैनिक परिवारों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ प्रतिनिधि, सैनिक की वीरांगना विमला देवी, शहीद के पुत्र विक्रम मीणा, शहीद रामकरण मीणा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा मीणा, पूर्व बीएसएफ सैनिक जीवतराम मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे। मुख्य अतिथि किशनगढ़ रेनवाल के विकास अधिकारी सी.आर. मीणा ने कहा कि शहीदों की शहादत देश और समाज की अमूल्य धरोहर है। उनका जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा की सर्वोच्च मिसाल है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीद रामकरण मीणा के अदम्य साहस और बलिदान से प्रेरणा लेकर देशहित में आगे बढ़ें। कार्यक्रम की शुरुआत में वीरांगना विमला देवी, पुत्र विक्रम मीणा, शहीद के भाई



हरदेव मीणा, किशन मीणा सहित अन्य अतिथियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### संग्रहालय निर्माण को मिली गति

गौरतलब है कि गत वर्ष ग्रामीणों और सैनिक परिवारों द्वारा शहीद स्मारक पर सैनिक दीर्घा संग्रहालय बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। इस दिशा में पहल करते हुए पंचायत प्रशासन ने स्मारक के पास स्थित खाली भूखंड को संग्रहालय निर्माण के लिए आवंटित कर दिया है। इसके दस्तावेज सीआरपीएफ प्रतिनिधि को आगामी कार्रवाई के लिए सौंपे गए। कार्यक्रम में मंच का संचालन शिक्षाविद कमलकांत ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ आयोजन का समापन हुआ।

## अवकाश कटौती के विरोध में शिक्षक संघ का प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत, धौलपुर ने सत्र 2026-27 के शिविरा पंचांग में अवकाश कटौती के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने इसे अव्यवहारिक बताते हुए शिक्षकों के साथ अन्याय करार दिया। जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री मनोज पोसवाल ने कहा कि सरकार को रिक्त पद भरने के बजाय अवकाश घटाने पर ध्यान देना उचित नहीं है। ज्ञापन में प्रधानाचार्य घोषित अवकाश 2 दिन यथावत रखने, ग्रीष्मकालीन अवकाश 17 मई से 30 जून तथा शीतकालीन अवकाश 26 दिसंबर से 10 जनवरी तक करने की मांग की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम गुर्जर एवं राकेश प्रजापति ने कहा कि भीषण गर्मी में अवकाश कटौती बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। साथ ही रिक्त पदों की भर्ती, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, लंबित स्थानांतरण व डीपीसी कराने तथा जर्जर विद्यालय भवनों के सुधार की मांग भी रखी गई। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान चंद्रभान चौधरी, मनोज पोसवाल, गंगाराम गुर्जर, राकेश प्रजापति, चोल सिंह, जसवंत गुर्जर, सुरेंद्र सिंह पोसवाल, कुलदीप शर्मा, अनिल पाठक, त्रिलोक सिंह, अशोक शर्मा, संजय, कुलदीप, इंदिरा कुमारी, अनु बाला, मधु यादव, तमन्ना अख्तर, रेनू बारेठ, पूजा जाट सहित अन्य उपस्थित रहे।

सैपऊ के गांवों में हल्लाबोलः

## बदहाल व्यवस्थाओं के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (सैपऊ)।** ग्राम पंचायत नुनहेरा और आरी में व्याप्त समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने युवा समाजसेवी करन परमार के नेतृत्व में महापंचायत कर प्रशासन के खिलाफ हल्लाबोल किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकजुट होकर उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महापंचायत में जिला अध्यक्ष शेरा बॉक्सर ने प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता के सेवक मनमानी कर रहे हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई जारी रहेगी। करन परमार ने कहा कि गांवों की बदहाली अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने ज्ञापन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आरी में कक्षाओं की कमी, 300 बीघा भूमि आवंटन, सरकारी भवनों पर अतिक्रमण, जलभराव व गंदगी तथा कर्मचारियों की अनुपस्थिति जैसी समस्याएं उठाईं। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान सुखवेद्र सिंह, वेद प्रकाश, मलखान, हिमांशु, प्रेम सिंह, महेश, रनबीर, राघवेंद्र, बने सिंह, रामदास, गोरेलाल, ओमप्रकाश शर्मा, छोटू शर्मा, रमेश गोस्वामी, हरिया गोस्वामी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सैपऊ के हर्षवर्धन शर्मा ग्लोबल डायमंड आइकन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित

द्जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जयपुर के सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी, जगतपुरा स्थित कालिंदी ऑडिटोरियम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन एवं ग्लोबल डायमंड आइकन अवॉर्ड-2026 समारोह में सैपऊ निवासी युवा लेखक व गीतकार हर्षवर्धन शर्मा को सम्मानित किया गया। भव्या फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश की करीब 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें 15 देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ समाजसेवी अशोक माहेश्वरी व एडवोकेट राजीव कुमार रंजन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। हर्षवर्धन शर्मा को साहित्य क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। वे अब तक 100 से अधिक साझा काव्य संग्रहों में अपनी रचनाएं प्रकाशित कर चुके हैं और उभरते युवा लेखक के रूप में पहचान बना रहे हैं। सम्मान स्वरूप उन्हें राजस्थानी पगड़ी पहनाकर मेडल व ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष योग्यजन व ऑटिज्म से जुड़े बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

## 24 घंटे में नकबजनी का पर्दाफाशः पुलिस ने दबोचे शातिर, माल बरामद

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** सुमेरपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात का 24 घंटे में खुलासा कर शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया है, जिससे क्षेत्र में अपराधियों में खौफ और आमजन में विश्वास बढ़ा है। थानाधिकारी सवाई सिंह राठौड़ ने बताया कि 6 अप्रेल को निर्माणाधीन बंद मकान में चोरों ने ताला तोड़कर इलेक्ट्रिक वायरिंग में प्रयुक्त तांबे के तार व अन्य सामग्री चोरी कर ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विपिन सिंह मेहता व वृताधिकारी जितेन्द्र सिंह के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए सोहेल खान (20) निवासी संतोषी नगर, शिवगंज को गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले दिनेश कुमार जैन (62) निवासी पावा वाली, शिवगंज को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों से चोरी का माल बरामद कर लिया गया है। थानाधिकारी सवाई सिंह राठौड़, कांस्टेबल अशोक कुमार, हेड कांस्टेबल किशोर सिंह (1459), कांस्टेबल राजकुमार मीणा (413), कांस्टेबल अनिल कुमार मीणा (1672), कांस्टेबल जुगनाराम (907) व कांस्टेबल देवकरण (686)। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में भय का माहौल बना है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## उनसे बेहतर कोई नहीं... रणबीर कपूर ने बताया क्यों

# साई पल्लवी



### हैं 'रामायण' की 'सीता' के लिए बेस्ट चॉइस

भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित और भव्य फिल्मों में शामिल 'रामायण' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिल रही है. फिल्म की स्टारकास्ट से लेकर इसके विजुअल स्केल तक, हर चीज चर्चा का विषय बनी हुई है. ऐसे में अब फिल्म में भगवान राम का किरदार निभा रहे रणबीर कपूर का एक बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. उन्होंने फिल्म में साई पल्लवी की कास्टिंग पर बात की है.नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' को लेकर काफी वक्त से चर्चा हो रही है. फिल्म से कई बड़े नाम शामिल हैं, जो कि खास रोल में हैं. हाल ही में फिल्म का पहला लुक सामने आया, जो कि भगवान राम का था, जिसे रणबीर कपूर निभा रहे हैं. फिल्म के टीजर की स्पेशल स्क्रीनिंग के जरिए लॉस एंजिल्स में भी इसे लॉन्च किया गया. इस दौरान रणबीर कपूर ने मीडिया से फिल्म को लेकर बात की. उन्होंने फिल्म में माता सीता के लिए साई पल्लवी को परफेक्ट कास्टिंग बताई है.

**साई पल्लवी की परफेक्ट कास्टिंग**



हाल ही में एक स्पेशल इवेंट के दौरान रणबीर कपूर ने फिल्म में माता सीता का किरदार निभा रहीं साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी की जमकर तारीफ की. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सीता के रोल के लिए साई पल्लवी से बेहतर किसी को कास्ट किया ही नहीं जा सकता था. रणबीर ने बताया कि जब उन्होंने पहली बार साई पल्लवी को इस किरदार में देखा, तभी उन्होंने डायरेक्टर की ओर देखा और दोनों को यकीन हो गया कि इस रोल के लिए किसी और को कास्ट नहीं किया जा सकता था.

**यश को लेकर भी की बात**

रणबीर कपूर ने साई पल्लवी की एक्टिंग और उनके पर्सनैलिटी की तारीफ करते हुए कहा कि वो बेहद टैलेंटेड और ग्रेसफुल एक्ट्रेस हैं, जो इस पौराणिक किरदार में जान डालने की पूरी क्षमता रखती हैं. साई पल्लवी के साथ ही उन्होंने रावण का किरदार अदा कर रहे साउथ सुपरस्टार यश को भी बात की. रणबीर ने कहा, यश के पास जो स्टारडम है और रावण के लिए किसी ऐसी ही पर्सनैलिटी की जरूरत थी, जिसमें कमाल का स्क्रीन प्रेजेंस हो.

**सबसे महंगी फिल्मों में से एक**

'रामायण' को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है और इसे भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक माना जा रहा है. फिल्म को दो पार्ट में रिलीज करने की योजना है, जिसमें पहला पार्ट 2026 में दीवाली के मौके पर दर्शकों के सामने आएगा.

## इधर हनी सिंह का 20 साल पुराना गाना बैन, उधर पुणे में कॉन्सर्ट पर भी मंडराए संकट के बादल




हनी सिंह अक्सर अपने गाने या कॉन्सर्ट की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं. इन दिनों हनी सिंह अपना म्यूजिकल टूर 'माय स्टोरी इंडिया चैप्टर' कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत 14 मार्च दिल्ली से हुई. हाल ही में उनका 20 साल पुराना गाना 'वॉल्यूम 1' बैन कर दिया गया है. इसी बीच अब हनी सिंह का पुणे में कॉन्सर्ट होने वाला था, जो पोस्टपोन हो कर दिया गया है. सिंगर और रैपर हनी सिंह ने खुद इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया के जरिए शेयर की. हनी सिंह का पुणे शो किसी खास वजह के चलते नहीं, बल्कि मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए पोस्टपोन किया गया है.

हनी सिंह अभी अपने 'माय स्टोरी इंडिया चैप्टर' टूर पर हैं और उन्हें शनिवार, 4 अप्रैल को पुणे में अगला परफॉर्मेंस देना था. लेकिन अब रैपर ने अब एक अपडेट शेयर किया है. यो यो ने सोशल मीडिया पर बताया है कि बारिश और तूफान की आशंका के चलते उनका तय शो को टाल दिया गया है, जिसके सारे टिकट पहले ही बिक चुके थे.

**हनी सिंह का कॉन्सर्ट पोस्टपोन**

हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, पुणे!!! शनिवार (04.04.2026) के लिए सारे टिकट बिक जाने के बावजूद, हमें बारिश और तूफान की आशंका के चलते शो को 18.04.2026 के लिए रीशेड्यूल करना पड़ा है. ये फैसला सरकारी एडवाइजरी के मुताबिक लिया गया है, क्योंकि मेरे फैंस की सुरक्षा मेरी सबसे बड़ी प्रायोरिटी है. खरीदे गए सभी टिकट नई तारीख (18.04.2026) के लिए वैलिड रहेंगे. जल्द ही मिलते हैं, पुणे, बस 2 हफ्तों में।

इसके साथ ही, सिंगर ने महाराष्ट्र सरकार की तरफ से जारी एक प्रेस नोट की कॉपी भी अटैच की. बता दें कि इससे पहले हनी सिंह और बादशाह का गाना 'वॉल्यूम 1' बैन किया गया, जो 20 साल पहले आया था. बीते दिनों इस गाने के लिरिक्स को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने दोनों सिंगर को फटकार लगाई और सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म से इस गाने को हटाने के आदेश दिए.

## 'कोई कॉम्पिटिशन नहीं है' बेटी आराध्या की परवरिश पर क्या बोले जूनियर बच्चन, ऐसे देते हैं ध्यान




20 अप्रैल 2007 को इंडस्ट्री के सबसे मशहूर जोड़े ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन ने शादी की थी. ये शादी और रिश्ता बॉलीवुड के गलियारों में सबसे ज्यादा जाने माने रिश्तों में से एक है. आज की डेट में भी इस पावर कपल को लोग काफी ही पसंद करते हैं. ऐश्वर्या और अभिषेक दोनों की ही ग्लोबल लेवल पर अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है और दिनभर दोनों ही सितारे लोगों से घिरे रहते हैं. फिर भी इतने काम के बीच दोनों मिलकर बेटी आराध्या की पेरेंटिंग कर रहे हैं.ऐश्वर्या और अभिषेक दोनों ने ही जिंदगी में कई उतार चढ़ाव देखे हैं. दोनों को साथ में एक अरसा हो गया है. अभिषेक ने एक पॉडकास्ट में हालही में आराध्या की परवरिश के बारे में बात की. उन्होंने बताया कि जब बात आराध्या की आती है, तो वहां दोनों के कोई सेट किए गए रूल्स नहीं हैं, बल्कि वो एक साथ मिलकर उनकी परवरिश कर रहे हैं.



**'उदाहरण बनना चाहते हैं'**

अभिषेक ने कहा- हमारे घर में हम दोनों (अभिषेक और ऐश्वर्या) ही आराध्या को ये नहीं बताते कि क्या सही है और क्या गलत है, बल्कि कोशिश करते हैं कि उनके लिए एक उदाहरण सेट कर सकें. हम दोनों इस बात की कोशिश करते हैं, जैसे ये कोई सेट रूल नहीं है कि मैं आराध्या को सेल्फ डिफेंस सिखाऊं और उनकी मम्मी उन्हें प्यार करना. सभी मेरी पत्नी को जानते हैं, वो खुद में आत्मनिर्भर हैं और इसलिए ऐसा बिल्कुल नहीं है कि मुझे किसी उन्हें कुछ सिखाना है या फिर ऐश्वर्या को. हम कर के दिखाते हैं.

**हमारी दुनिया काफी अलग है**

एक्टर ने आगे कहा- हमारी दुनिया काफी अलग है और आज का वक्त और दौर काफी अलग है, ऐसे में हमारे परिवार में कोई कॉम्पिटिशन नहीं है कि हमें इस तरह से उन्हें कुछ सिखाना है. हमें एक अच्छी जिंदगी जीनी है और वही हमारे बच्चे के लिए उदाहरण बनता है, क्योंकि आज का दौर ऐसा है कि जो हमारे लिए सही है, या फिर हमें सही लगता है, जरूरी नहीं है कि वो उनके लिए भी उसी तरह से सही हो.

## 'धुरंधर 2' छोड़िए, अब हॉरर फिल्म से धमाका करेंगी



# यामी गौतम

### 3 दिन बाद क्या होने वाला है?

आदित्य धर की 'धुरंधर' फ्रेंचाइजी ब्लॉकबस्टर हो गई है. जहां पहली फिल्म ने 1300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था. तो वहीं दूसरी फिल्म अब तक दुनियाभर से 1500 करोड़ का कारोबार कर चुकी है. पति की फिल्म के सीक्वल में यामी गौतम भी एक सीन में दिखी थीं, जहां वो हमजा (रणवीर सिंह) के दुश्मनों का खात्मा करने आती हैं. उनका हॉस्पिटल वाला सीन काफी पसंद किया गया था. यही वजह है कि फिल्म की शुरुआत में ही एक्ट्रेस को स्पेशल थैंक्यू मेंशन किया गया था. जबकि, उससे पहले 'हक' में इतनी बेहतरीन एक्टिंग की थी कि सबका दिल जीत लिया था. फिल्म को गजब का रिस्पॉन्स मिला था. पर अब एक्ट्रेस अगली बड़ी तैयारी कर रही है. उनकी अगली फिल्म एक हॉरर ड्रामा है, जिसकी शूटिंग पर जबरदस्त अपडेट आ गया है.




यामी गौतम की फुल फ्लैज्ड रोल वाली फिल्म 'हक' थी, जिसमें एक्ट्रेस को अपोजिट यानी उनके पति के रोल में इमरान हाशमी दिखे थे. इस फिल्म में एक्ट्रेस ने Shazia Bano का रोल किया था. जिस रोल नाम को 'धुरंधर 2' में इस्तेमाल किया गया था. वो इसी नाम के साथ कैमियो करने आई थीं. हालांकि, आदित्य धर आगे के लिए क्या प्लान कर रहे हैं, फिलहाल यह जानकारी नहीं है. पर अब यामी गौतम अगली फिल्म में क्या करने वाली हैं? आइए जानते हैं.

**यामी गौतम की हॉरर फिल्म पर अपडेट ?**

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि, यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है. प्रोड्यूसर आनंद एल राय को अगली फिल्म के लिए यामी को फाइनल कर लिया गया है.

नहीं, मार्च में Prime Video ने इस हॉरर कॉमेडी का ऑफिशियल ऐलान भी कर दिया. जानकारी के मुताबिक, 7 अप्रैल से यामी गौतम फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी. जिसे बालाजी मोहन डायरेक्ट करने वाले हैं. इस फिल्म की कहानी एक नई दुल्हन के इर्द- गिर्द घूमती है, जो वैसी नहीं है जैसी वो दिखती है.

# दिशा की बैठक में पेयजल व्यवस्था पर गम्भीर मंथन

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद लुंबाराम चौधरी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन कि समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें व सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाएँ। उन्होंने डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता से जिले के किसानों के लिए संचालित पीएम कुसुम योजना, आरडीएसएस योजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए पात्र किसानों को लाभ पहुँचाने की बात कही। बैठक में उन्होंने भीनमाल फ्लाई ओवर व आरओबी कार्य निर्माण में तेजी लाते हुए जल्द पूरा करने व जिले में सड़क मरम्मत के कार्यों को प्राथमिता से पूर्ण करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जिले में निर्माणरत सड़क कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के त्वरित उपचार के लिए मोबाइल वेटेनरी यूनिट-1962 वाहन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पंजीकरण सुनिश्चित करवाने की बात कही। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम की ब्लॉकवार जानकारी लेते हुए सीएमएचओ को निर्देशित किया कि सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों व कार्मिकों को समय पर कार्यालय पहुँचने के लिए पाबंद करने तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्रो का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जर्जर भवनों में किसी भी परिस्थिति में शैक्षणिक गतिविधि नहीं करवाने तथा जिले में स्कूलों की स्थिति व मरम्मत कार्यों के संबंध में समीक्षा की तथा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं व आवासीय विद्यालय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सांसद ने जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों यथा-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी, प्रधानमंत्री धन धान्य योजना, वीबी-जीरामजी, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, स्वामित्व योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, अमृत 2.0, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मिड-डे मील, समग्र शिक्षा अभियान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आदि की प्रगति की जानकारी लेते हुए इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक जिले के नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत अवैध कनेक्शनों को चिन्हित करते हुए कटवाने तथा मूल कनेक्शनों से पाईप लाईन में छेड़खानी करने वालों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने स्वायत शासन विभाग के अधिकारियों को जालोर शहर की सीवरेज समस्या का तुरंत प्रभाव से समाधान करने की बात कही। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जले हुए ट्रांसफॉमर्स को समय पर बदलने तथा आमजन के कार्यों में अनावश्यक देरी न हो, इसके लिए एफआरटी टीमों को भी पाबंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल पहुँचाने के साथ ही पानी की चोरी पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करें।

### जेजेएम पर रतन देवासी ने जताया गुस्साः

रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी ने जेजेएम कार्यों को लेकर एक बार फिर आक्रोश जताया। देवासी ने कहा कि कार्य नियमानुसार नहीं हुआ है। जानबूझकर गलतियां की गई है, सुधार कर लो, अन्यथा गांव के लोगों को लेकर हम कोर्ट जाएंगे। इस पर जिला कलेक्टर ने पांच गांवों का कमेटी से सर्वे करवाकर जांच करने का भरोसा दिया। जोधपुर विद्युत वितरण निगम के आरडीएसएस एक्सईएन पर दिशा की बैठक में जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने आरोप लगाते हुए कहा कि केवल अपनी जाति के अलावा दूसरों के भी काम किया करो। गर्ग ने कहा कि आज भी सुखराम जी के लोगों के काम पहले कर रहे हो, अपनी जाति में लिप्त मत रहो, प्राथमिकता के काम पहले करो। इसी प्रकार सदस्य खेमराज देसाई ने पीड़ा बताई की कि दासपां से नवापुरा (कोरा) को ट्यूबवेल से पानी मिल रहा है, लेकिन ट्यूबवेल भामाशाह ने करवाया, अब भामाशाह कह रहा है कि नवापुरा को पानी नहीं दिया जाएगा, इस पर जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने अधिकारियों को पाबंद किया। भीनमाल में रेलवे ओवरब्रिज को लेकर सांसद लुम्बाराम चौधरी व भीनमाल विधायक डॉ समरजीतसिंह ने अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है, काम पूरा नहीं हो रहा है, अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि मई महीने में पूरा कर लिया जाएगा। जालोर में बदहाल सफाई व्यवस्था पर नगरपरिषद के आयुक्त शिवपालसिंह राजपुरोहित ने कहा कि जालोर शहर में 196 में से 91 सफाई कर्मचारी अन्य कार्यों में लगे होने के कारण शहर में सफाई व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है, उसे सुधारने का प्रयास करेंगे। दिशा की बैठक में सदस्य खेमराज देसाई ने पीड़ा बताते हुए कहा कि कोरा व बोरटा गांव में एक ही ग्राम विकास अधिकारी है, कोरा में स्थाई वीडिओ की मांग के लिए पूर्व विधायक पूराराम, जसराज पुरोहित, सांसद लुम्बाराम को भी कई बार कहा, लेकिन अभी तक स्थाई ग्रामसेवक नहीं लगा, लोगों को परेशानी होती है। इस अवसर पर भीनमाल विधायक डॉ. समरजीत सिंह, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकार नंदकिशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई, उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण, दिशा समिति के सदस्य डॉ. मंजु मेघवाल, चिरंजीलाल दवे, रमेश राणा, खेमराज देसाई सहित दिशा समिति के सदस्य व अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

## समर्सिबल केबल चोरी का खुलासाः आरोपी शाकिर गिरफ्तार, नाबालिग निरुद्ध

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बाड़ी थाना पुलिस ने समर्सिबल केबल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी शाकिर को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई केबल व केबल कटर भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 5 अप्रैल को प्रशांत पुत्र मुकेश विधौलिया निवासी कोट पाड़ा, बाड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 अप्रैल की शाम बारिश के दौरान दो युवक उसके प्लॉट से समर्सिबल के तार चोरी कर ले गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार एवं वृताधिकारी महेन्द्र मीणा के सुपरविजन तथा थानाप्रभारी देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 6 अप्रैल को शाकिर को काली माता मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। वहीं 7 अप्रैल को एक नाबालिग को भी किला गेट क्षेत्र से निरुद्ध किया गया। पुलिस आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## राजाखेड़ा अस्पताल में अव्यवस्थाः बिजली गुल, ढाई घंटे इंतजार के बाद बिना पर्चा-दवाई लौटे मरीज



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहीद राघवेंद्र सिंह उप जिला चिकित्सालय में मंगलवार को अव्यवस्थाओं के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर 11:30 बजे बिजली गुल होने के बाद करीब ढाई घंटे तक मरीज पर्चा बनवाने और इलाज के लिए इंतजार करते रहे, लेकिन बिजली नहीं आने से उन्हें बिना जांच व दवाई के ही लौटना पड़ा। अस्पताल में सैकड़ों मरीज घंटों तक लाइट का इंतजार करते रहे, लेकिन दोपहर 2 बजे तक भी व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी। हालात ऐसे रहे कि कंप्यूटर कक्ष और लैब में अंधेरा छाया रहा, जिससे पर्चे और जांच कार्य पूरी तरह ठप हो गए। चौंकाने वाली बात यह रही कि अस्पताल में लाखों रुपए की लागत से खरीदे गए जनरेटर भी काम नहीं आए। जानकारी के अनुसार जनरेटर की बैटरी खराब होने के कारण उन्हें चालू नहीं किया जा सका और वे शोपीस बने रहे। स्थिति बिगड़ने पर उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा को सूचना दी गई, जिस पर वे तत्काल अस्पताल पहुंचीं और पीएमओ डॉ. टीकाराम सहित संबंधित अधिकारियों से बात कर स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने जनरेटर की बैटरी खराब होने की बात कही। मरीजों ने आरोप लगाया कि जहां पर्चे और जांच की व्यवस्था बंद रही, वहीं डॉक्टरों के कमरों में पंखे और लाइटें चालू रहीं, जिससे अव्यवस्था और स्पष्ट हो गई। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार किया जाए, ताकि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की जनता को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## राजाखेड़ा में गुहाराज जयंती धूमधाम से मनाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के राजाखेड़ा कस्बे में गुहाराज जयंती मंगलवार को हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ बछेकी हनुमान मंदिर से हुआ। शोभायात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर, तहसील, पंचायत समिति व उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने से होते हुए मुख्य बाजार, पुलिस चौकी और बायपास रोड से गुजरते हुए पुनः बछेकी हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सजी आकर्षक झांकियां और श्रद्धालुओं के सिर पर सजी लाल टोपियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में फतेहाबाद विधायक जितेंद्र वर्मा सहित देवेंद्र कश्यप (इटावा), पिनाहट, बाह, फतेहाबाद, शमशाबाद, राजाखेड़ा, मरैना क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों से आए निषादराज, कश्यप, लोधी, राजपूत समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस दौरान गंगा प्रसाद (छीतापुर), राजेंद्र सिंह (पूर्व सरपंच), खुशी लाल (सरपंच), रामसेवक (सरपंच), रमेश चंद्र वर्मा, मथुरा प्रसाद वर्मा, होतम सिंह वर्मा, डॉ. भरत सिंह लोधा, मास्टर अतर सिंह लोधी, उगम सिंह लोधी (मरैना) सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यायिक अधिकारी पहुंचे स्कूलों में, बच्चों को पढ़ाया साइबर अपराध से बचने का पाठ

### जिले के न्यायिक अधिकारियों ने आयोजित किए जागरूकता कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को जागरूक करने को लेकर न्यायिक अधिकारी मंगलवार को स्कूलों में पहुंचे और बच्चों को साइबर दुर्व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले की सभी स्कूलों में बच्चों को विभिन्न अधिकारों की जानकारी देने, सुरक्षा के प्रति जानकारी देने के उद्देश्य से ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे कार्यक्रम शुरू किया गया है। अभियान के तहत मंगलवार को जिले के न्यायाधीशों ने स्कूलों में पहुंचकर क्लिक करने से पहले सोचो, ऑनलाइन सुरक्षित रहो इंटरनेट सब कुछ याद रखता है विषय पर संपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने साइबर दुर्व्यवहार क्या है, फर्जी अकाउंट बनाना और पहचान की नकल करना, क्लास ग्रुप में साइबर बुलिंग, बिना अनुमति के निजी फोटो शेयर करना, अपमानजनक मीम और एडिटेड फोटो सहित साइबर अपराध से होने वाले दुष्परिणामों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। जिला मुख्यालय पर पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अमर वर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शांतिनगर जालोर स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को जानकारी दी। इसी प्रकार पोक्सो कोर्ट की न्यायाधीश सीमा जुनेजा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रताप चौक जालोर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र नगर जालोर में पहुंचे और विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से किए जाने वाले कार्यों, चलाए जा रहे अभियानों व कार्यक्रमों की जानकारी दी। इसी प्रकार सीजेएम प्रिया टावरी इमानुअल स्कूल, एसीजेएम संख्या 1 राजेंद्रसिंह चारण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोडिजी जालोर, जेजेबी के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार ने विद्या भारती स्कूल में जाकर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसी प्रकार एलएडीसी चीफ अजहरूदीन व एलएडीसी असिस्टेंट खुशवंतसिंह ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लेटा, एलएडीसी असिस्टेंट आमना तब्बुसम व भीमसिंह भीमावत ने मयुर पब्लिक स्कूल में शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्कूलों में साइबर क्राइम से बचाव को लेकर रालसा द्वारा मुद्रित की गई पुस्तक भी वितरित की। इसके अलावा विद्यालयों में संचालित विभिन्न वाट्सएप ग्रुपों में भी प्रचार प्रसार सामग्री भेजकर प्रचार प्रसार किया गया।

## जालोर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 82 लखपति दीदी का सम्मान

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** ज़िला प्रशासन व राजीविका के तत्वावधान में महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने व उनकी आजीविका गतिविधियों को तकनीकी रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को ज़िला परिषद सभागार में लखपति दीदी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जालोर जिले में राजीविका के अंतर्गत 'लखपति दीदी' योजना से जुड़ी महिलाओं को टैबलेट का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सांसद लुम्बाराम चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिला सशक्तीकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही हैं, इसी क्रम में केंद्र सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, राजीविका जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शैक्षणिक व आर्थिक रूप से संबल प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य हैं कि वे बेटियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाएँ जिसके फलस्वरुप वे इंजीनियरिंग, मेडिकल, रिसर्च एजुकेशन आदि क्षेत्रों में देश का नाम रोशन कर पाएं। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के निर्माण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हैं अतः देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति ऋण व कौशल संवर्धन योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, माँ वाउचर योजना, बैंक सखी, ड्रोन दीदी, सखी वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

समारोह में राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक अशोक बिश्नोई ने बताया कि समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली 82 लखपति दीदी को डिजिटल टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी दीदियों को टैबलेट के उपयोग, ऑनलाइन कार्यप्रणाली एवं डिजिटल माध्यमों से आय बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई। राज्य सरकार की इस पहल से महिलाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी तथा वे अपने व्यवसाय को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित कर सकेंगी। लाभार्थी महिलाओं ने इस पहल के लिए सरकार एवं राजीविका का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टैबलेट के माध्यम से उन्हें नई तकनीक सीखने और अपनी आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, राजीविका के राकेश मीना सहित महिलाएँ व बालिकाएँ उपस्थित रही।

## विधानसभा चुनाव 2026: मतदान दिवस पर मिलेगा संवेतनिक अवकाश

### मतदाताओं को दी सुविधा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में होने वाले विधानसभा आम चुनाव 2026 के तहत मतदान दिवस पर पात्र कार्मिकों को संवेतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीना ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार असम, केरल, तमिलनाडु एवं पश्चिम बंगाल राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में मतदान दिवस पर संबंधित मतदाताओं को अवकाश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसे कर्मचारी जो इन राज्यों अथवा केन्द्र शासित प्रदेशों के मतदाता हैं, वे मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन करने पर उन्हें नियमानुसार संवेतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।

इसके लिए सभी विभागों, उपक्रमों, बोर्ड एवं निगमों के विभागाध्यक्षों को अधिकृत किया गया है कि वे पात्र कर्मचारियों को मतदान हेतु अवकाश स्वीकृत करें, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## स्वतंत्रता सेनानी वर्मा व पथिक को अर्पित की श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग की सदस्य व प्रसिद्ध इतिहासकार सज्जन पोसवाल ने बिजौलियां किसान आंदोलन के प्रणेता स्वतंत्रता सेनानी माणिक्य लाल वर्मा एवं विजय सिंह पथिक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उमाजी का खेड़ा विद्यालय प्रांगण में इतिहास की जानकारी देते हुए माणिक्य लाल वर्मा स्मारक समिति अध्यक्ष भूरा लाल धाकड़ ने वर्मा की कर्मस्थली उमा जी का खेड़ा में वर्मा के निवास वर्तमान सामुदायिक भवन का भी भ्रमण करवाया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संजय धाकड़ ,पूर्व जिला मंत्री हर्षेन्द्रा कंवर,कुं. मृत्युंजय सिंह,किसान नेता भगवान लाल धाकड़,कुल



देवी माँ फूला प्रबंध समिति अध्यक्ष हीरा लाल धाकड़, मोहन लाल धाकड़, कन्हैया लाल धाकड़,नंद लाल , प्रिंसिपल कुलदीप केलानी सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

# धौलपुर जिले के स्कूलों में विधिक जागरूकता शिविर, साइबर सुरक्षा पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिलेभर में 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूसडे' अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो के निर्देशन में हुई। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक बनाना रहा। इस क्रम में जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बाड़ा हैदरशाह में, विशिष्ट न्यायाधीश (डकैती प्रभावित क्षेत्र) राकेश गोयल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, धौलपुर में, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत सुरेश प्रकाश भट्ट ने राजकीय बालिका उच्च




माध्यमिक विद्यालय, धौलपुर में कार्यक्रम आयोजित किया। इसी प्रकार न्यायाधीश एमएसीटी प्रीति नायक ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिटी कोतवाली में, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पुरानी छावनी में, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा ने न्यू रॉयल पब्लिक स्कूल, गुरुद्वारा रोड में शिविर लगाए।

प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड नीतू ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरजपुरा में, विशिष्ट न्यायाधीश एससी-एसटी न्यायालय नम्रता पारीक ने शारदे विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शैला फौजदार ने गोविन्द पब्लिक स्कूल में, न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन मीणा ने वनस्थली विद्या मंदिर में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट करुणा (संख्या-2) ने आदर्श विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को जागरूक किया।

वहीं अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति बाड़ी सुनील कुमार गुप्ता ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. सिद्धार्थ शंकर शर्मा (संख्या-1) ने किड्स पैराडाइज उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्राक्षी सिंह (संख्या-2) ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आयुष गुप्ता (संख्या-3) ने विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में शिविर आयोजित किए।

इसी तरह अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति राजाखेड़ा आकाश शर्मा ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बेसिक राजाखेड़ा में, न्यायिक मजिस्ट्रेट सैंपऊ रेणु कुमारी गोयल ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सैंपऊ में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट बसेड़ी प्रशंषा अग्रवाल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसेड़ी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न कराया।

कार्यक्रम के दौरान न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल, लॉटरी स्कैम, साइबर बुलिंग जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सार्वजनिक न करें।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत साइबर अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। विद्यार्थियों को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने एवं सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा विद्यालयों में 'कोर्ट वाली दीदी' सुझाव पेटिका भी स्थापित की गई, जिससे छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं गोपनीय रूप से साझा कर सकें।

## प्रशासकों और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** तहसील क्षेत्र के सरपंचों व जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीण इलाकों में बढ़ते मधुमक्खियों के हमलों और ऑनलाइन नामांतरण बंद होने से हो रही समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में बताया गया कि बीदासर तहसील के गांवों में इन दिनों मधुमक्खियों के हमले लगातार बढ़ रहे हैं। जगह-जगह मधुमक्खियों ने छत्ते बना रखे हैं, जिससे खेतों में काम कर रहे किसानों व ग्रामीणों पर अचानक हमले हो रहे हैं। हाल ही में ग्राम ढढेरू गोदारान में मधुमक्खियों के हमले के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मधुमक्खियों से बचाव के लिए जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। इसके अलावा ज्ञापन में बताया गया कि तहसील के सभी राजस्व गांवों में ऑनलाइन सर्वेक्षण (सेटलमेंट) का कार्य दिसंबर 2025 में पूरा हो चुका है, लेकिन उसके बाद से ऑनलाइन नामांतरण की प्रक्रिया बंद पड़ी है। नामांतरण नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) बनवाने में दिक्कतें आ रही हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच सुरेश खेरिया, विक्रम राणा, डॉ. रामेश्वर दुसाद, मोहन मेघवाल, जैसाराम प्रजापत, मुनीराम पूनिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों को बताए सुरक्षा के नियम



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** इंडियन पब्लिक स्कूल, चूरू के प्रांगण में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू की ओर से 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेज' अभियान के अंतर्गत विधिक साक्षरता व साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश पवन कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन कुमार वर्मा का संस्था निदेशक राजवीर सिंह धायल ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को विधिक साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि ने साइबर दुर्व्यवहार, सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाना, साइबर ब्लैकमेलिंग, बिना अनुमति निजी जानकारी व फोटो साझा करने, धमकी भरे संदेश तथा सोशल मीडिया के संभावित खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधानी बरतने, निजी जानकारी सुरक्षित रखने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अभिभावकों या संबंधित अधिकारियों को देने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सुरेंद्र कुमार, अंदीप कुमार, जुगल किशोर शर्मा, राकेश जांगिड़, आदर्श शर्मा, संजय धायल, प्रदीप कुमार, सरोज कुमारी, राकेश वर्मा, शाहिद रजा, कृष्णकांत शर्मा व धर्मपाल सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश कटौती के विरोध में शिक्षकों का आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती किए जाने के विरोध में मंगलवार की शाम शिक्षक लामबद्ध हो गए और नारेबाजी करते हुए उपखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के बैनर तले दर्जनों शिक्षकों उपखंड मुख्यालय पर एकत्रित हुए तथा नारेबाजी करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। शिक्षकों की ओर से दिए गए ज्ञापन सौंपकर ग्रीष्मकालीन अवकाश कटौति का विरोध जताया है। ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज शर्मा, मंत्री मुरलीधर अजमेरिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि क्षेत्र में 50 डिग्री तापमान वाली भीषण गर्मी में अवकाश कटौति अव्यवहारिक है। स्कूलों में पेयजल, छाया व बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जून माह में संचालित स्कूलों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होगा तथा इसका असर शिक्षण व्यवस्था पर पड़ेगा। संगठन ने अवकाश कटौति वापिस लेने, एमडीएम व ट्रांसपोर्ट वाउचर के बकाया भुगतान, पर्याप्त स्टाफ व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, प्रत्येक स्कूल में सफाई कर्मचारी नियुक्त करने की मांग की गई है। संघर्ष समिति के संयोजक बजरंग बिस्सू ने कहा कि यह मांगे नहीं मानी गई, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में शिक्षक नेता शुभकरण नैण, चोथमल चीनिया, प्रकाश चौधरी, भंवरलाल पूनियां, रामचंद्र ऐचरा, महेंद्रसिंह शेखावत, उम्मेद कुम्हार, मुकेश सैनी, महेंद्र हुड्डा, विनोद गोदारा, महावीर मंडार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# सालासर बालाजी मंदिर को देवस्थान विभाग के अधीन लेने की मांग, उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### मंदिर में श्रद्धालुओं से मारपीट की घटनाएं रोकने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर बालाजी मंदिर में हाल ही में मोबाईल से फोटो खींचने की बात को लेकर श्रद्धालुओं के साथ बाउंसर्स की ओर से की गई मारपीट का प्रकरण अब तूल पकड़ता जा रहा है। लोग मांग करने लगे हैं कि सरकार मंदिर को अपने अधीन लेकर इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाए और मंदिर में आने वाले समस्त चांदी, सोने और चढ़ावे के पैसे को जनहित में खर्च किया जाए। इस मामले को लेकर सुजानगढ़ के उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने सालासर मंदिर में वीआईपी दर्शनो के नाम पर जनता के साथ खुली लूट करने के आरोप लगाए। कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए लोगों ने हनुमान सेवा समिति को भंग करने और मंदिर को देवस्थान विभाग में शामिल करने के नारे लगाए। साथ ही मंदिर परिसर में गुंडागर्दी को बंद करने, श्रद्धालुओं को धमकाना बंद करने, मारपीट करने वाले बाउंसर्स को जेल में डाले जाने, मंदिर में आने वाले समस्त प्रकार के सोने, चांदी, चढ़ावे और नगदी के हिसाब को प्रत्येक साल जनता के समक्ष सार्वजनिक कर इसे जनहित में खर्च किए जाने की मांगे भी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते वक्त की गई। सीएम भजनलाल शर्मा के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि आम जनता के साथ सालासर में वर्ग विशेष के लोग अत्याचार करते हैं और ये लोग दोनो पार्टियों में अपनी राजनीति करते हुए आम जनता की आवाज को दबाते हुए मनमर्जी कर जनता से वीआईपी दर्शन के नाम पर बड़े रूपए एंठते हैं। जबकि मंदिर परिसर में इन्हें सरकार और पुलिस प्रशासन से सुरक्षा लगवानी चाहिए थी। ज्ञापन सौंपते वक्त एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया ने बताया कि कोई श्रद्धालु अपने साथ हुए अन्याय का प्रतिकार करता है, तो उसे एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे की धमकी देकर उससे माफी मंगवाई जाती है। आखिर कब तक लोग दबाव में आकर मार खाते रहेंगे और माफी मांगते रहेंगे। ज्ञापन में बताया गया है कि मांगों पर समुचित कार्यवाही नहीं की गई तो 13 अप्रेल से मंदिर परिसर के सामने ही धरना शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन में बताया गया है कि रविवार को हुई मारपीट की घटना के बाद श्रद्धालुओं को ही दबाव में लेकर मामला रफा दफा करवा दिया गया। जबकि मंदिर कमेटी में एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोगों को पर्याप्त संख्या में सदस्य नहीं बनाया जाता। इसलिए जल्द से जल्द इस मंदिर को देवस्थान विभाग के अधीन लेकर सरकार इसका संचालन करे। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, एसएफआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश डूडी, डीवाईएफआई के दीनदयाल गुलेरिया, मदनलाल, साबिर चौहान, जगदेव बेड़ा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, शिवपालसिंह, इन्द्रचंद, गंगाधर मूंड, दिनेश, छोटू, गौरीशंकर, सागर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



### एसडीएम ने थमाया हनुमान सेवा समिति को नोटिस

सालासर बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ बाउंसरों की ओर से की गई रही मारपीट और अभद्र व्यवहार की घटनाओं को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने इस संबंध में श्री हनुमान सेवा समिति को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। उपखंड अधिकारी ने अपने नोटिस में समिति की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। नोटिस में एसडीएम ने कहा कि बाउंसरों के ऐसे कृत्यों से सालासर मंदिर की पवित्र छवि खराब हो रही है। इन घटनाओं के कारण मीडिया और जनता की ओर से प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। नोटिस में एसडीएम ने पूछा है कि ये गार्ड और बाउंसर किस एजेंसी के माध्यम से नियुक्त किए गए हैं और उन्हें क्या निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने नोटिस में बताया है कि बाउंसरों की ओर से भक्तों के साथ किए जा रहे व्यवहार से व्यथित होकर आमजन अब मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात करने और व्यवस्थाओं को पूरी तरह प्रशासन के हाथ में लेने की मांग कर रहे हैं। प्रशासन ने हनुमान सेवा समिति को 2 दिन का समय दिया है। इस अवधि में समिति को बाउंसरों की नियुक्ति प्रक्रिया, एजेंसी का विवरण और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए किए गए सुधारों पर लिखित जवाब पेश करना होगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार आवश्यक है, अन्यथा प्रशासन को कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

### मंदिर प्रबंध कमेटी ने जारी किया स्पष्टीकरण

दूसरी ओर मामले को लेकर बालाजी मंदिर प्रबंध कमेटी की ओर से जारी स्पष्टीकरण में कहा गया है कि जो वीडियो फेसबुक और शोसल मीडिया में वायरल किया गया है, वो एक तरफा और अधूरा है। सम्पूर्ण वि वीडियो सीसीटीवी का देखने पर सामने आया कि श्रद्धालुओं ने महिला गार्ड के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किया था, जिसके प्रमाण पुलिस को दिए गए हैं और सम्बंधित श्रद्धालुओं ने भी माफी मांग ली है। कमेटी ने इस प्रकार की घटना पर खेद जताया है और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। हालांकि वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि एक महिला गार्ड सबसे पहले श्रद्धालु को थप्पड़ मारती है और उसके बाद विवाद बढकर मारपीट का रूप ले लेता है। वहीं इस घटना के दौरान एक टप भी सुरक्षा गार्डों की ओर फेंका जाना वींडियो में नजर आ रहा है।

## मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर में वार्ड परिसीमन के बाद तैयार की गई मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी व अनियमताए सामने आने का दावा किया गया है। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शहर मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियों और अनियमितताओं का आरोप लगाया। भाजपा शहर मंडल महामंत्री दीपक मुरारका ने बताया कि सरकार की ओर से पूर्व में वार्डों का परिसीमन कराया गया था, लेकिन नई मतदाता सूची बनाते समय इन नियमों की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा कि वार्ड 1 से 45 तक कि ड्राफ्ट सूची में व्यापक त्रुटियां सामने आई हैं। विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब परिसीमन के अनुसार मतदाता सूची ही नहीं बनानी थी, तो परिसीमन का क्या औचित्य रह जाता है। बिना जमीनी सत्यापन के बंद कमरों में बैठकर सूची तैयार करना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया कि एक ही परिवार के पिता और पुत्र के नाम अलग-अलग वार्डों में दर्ज कर दिए गए हैं। साथ ही, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की ओर से बिना फील्ड वर्क किए ही एक वार्ड के सैकड़ों नाम दूसरे वार्ड में जोड़ दिए गए। इससे वर्तमान मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वार्ड परिसीमन के अनुसार नई मतदाता सूची तैयार करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर चूरू, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खरा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ तथा मुख्य राज्य निर्वाचन आयुक्त को भी भेजी गई है। इस दौरान जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, मंडल उपाध्यक्ष निरंजन रूंथला, मंडल मंत्री हेमंत पंवार, भाजपा नेता जगजीत सिंह, रामगोपाल चौधरी, सुनील शर्मा, प्रदीप सैनी, कैलाश चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाजार में नाला अवरुद्ध होने से सड़क पर आया गंदा पानी

### नगरपरिषद की सफाई व्यवस्था पर बड़ा सवाल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के आथुणा बाजार में रोजाना पिछे से कचरा आने के कारण नाला अवरुद्ध होने से सड़क पर गंदा पानी आने से व्यापारियों व यहां से गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। नगरपरिषद के खिलाफ लोगों में आक्रोश देखा जा रहा हैं। वहीं नगरपरिषद की सफाई व्यवस्था पर भी सवालिया निशान लग रहा हैं। बाजार के व्यापारियों ने बताया कि पीछे से नाले में बहुत ज्यादा कचरा डाला जा रहा है जो यहां बाजार में आकर नाले को अवरोधक कर देता है। जिससे सड़क पर गंदा पानी आ जाता है। मजबूरन व्यापारियों को इस नाले का कचरा रोजाना निकालना पड़ता है। नगर परिषद की ओर से इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। भारी मात्रा में नाले में पीछे से कचरा आने के कारण यह समस्या रोजाना उत्पन्न होती है। नगर परिषद को चाहिए कि नाले में कचरा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। यह हालत बाजार में रोजाना नाले अवरुद्ध होने से उत्पन्न हो रही हैं। फिर व्यापारियों को मजबूरन इस नाले का कचरा निकालना पड़ता है। नाले में बहुत ज्यादा कचरा पीछे से रोजाना आता है और नगर परिषद की ओर से इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। जिससे व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है। अब देखना होगा कि नगरपरिषद इस क्या संज्ञान लेकर व्यापारियों को राहत प्रदान करेगी या व्यापारी रोजाना इस समस्या से जूझते रहेंगे।

## विधायक बुड़ानिया ने दर्जनों गाँवों का दौरा कर जाने हालात



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया अपने विधानसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय दौरे पर रहे जहाँ उन्होंने दर्जनों भर गाँवों का दौरा कर ग्रामीणों से कुशलक्षेम जाना व सुख दुख में शामिल हुए। मंगलवार को विधायक बुड़ानिया अपने निज निवास पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान आस पास व दूर-दराज से आये ग्रामीणों ने अपनी अपनी विभिन्न समस्याओं से विधायक बुड़ानिया को अवगत करवाया। विधायक बुड़ानिया ने उक्त सभी समस्याओं को दूर करने का विश्वास दिलाया। विधायक बुड़ानिया ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि कुछ जगहों पर ओलावृष्टि से किसानों की फ़सल खराब हुई है।

## राष्ट्रीय जाट महासभा ने किया केवटी(बिहार) विधायक का स्वागत



**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़ (नि.सं.)।** सालासर रोड़ स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा राजस्थान के प्रदेश कार्यालय में बिहार के दरभंगा जिले की केवटी विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा का सम्मान किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय जाट महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र कीलका के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा के साथ उनका परिवार भी उपस्थित रहा। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. राम सती कुमारी, जो सामाजिक एवं पारिवारिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाती हैं, भी मौजूद रहीं। उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता शशि मोहन, पुत्र शशिधर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक झा ने कहा कि राजस्थान के धार्मिक स्थलों की यात्रा कर आनंद की अनुभूति हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कीलक ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. मुरारी मोहन झा ने अपने क्षेत्र में जनसेवा, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों का सम्मान करना संगठन का कर्तव्य है, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी विधायक के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान रामनारायण सारण, अशोक कीलक, मुकेश कीलक, हरि भामू मौजूद रहे।

# रीजनल कृषि कॉन्फ्रेंस में बड़ा ऐलान : हर राज्य का अलग कृषि रोडमैप, फार्मर आईडी से पारदर्शी होगी पूरी व्यवस्था




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर में आयोजित रीजनल कृषि कॉन्फ्रेंस के बाद बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब देश को एग्रो-क्लाइमेटिक जोनों में बांटकर हर राज्य का अलग कृषि रोडमैप तैयार किया जाएगा। इससे स्थानीय जलवायु, मिट्टी और संसाधनों के अनुसार खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि सभी किसानों को फार्मर आईडी से जोड़ा जाएगा, जिससे खाद, बीज, फसल बीमा और मुआवजा वितरण पूरी तरह पारदर्शी और लक्षित हो सकेगा। इस प्रणाली से नकली खाद और कालाबाजारी पर रोक लगेगी तथा किसानों को बिना लाइन में लगे आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन के तहत उत्पादन बढ़ाकर 69.7 मिलियन टन तक ले जाने का लक्ष्य है, वहीं दलहन मिशन के तहत बीज उत्पादन, नई किस्मों के उपयोग और 100 प्रतिशत खरीद से देश को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान के लिए 2.45 लाख क्विंटल दलहन बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत 16,000 वैज्ञानिकों द्वारा 'लैब टू लैंड' मॉडल के माध्यम से किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने की जानकारी दी। साथ ही नकली बीज, खाद और कीटनाशकों पर कड़ी कार्रवाई के लिए सख्त कानून लाने की तैयारी भी बताई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों को सुदृढ़ करने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि मई माह में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026' आयोजित की जाएगी, जिसमें देश-विदेश के कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने 25 माह में 35,368 फार्म पौंड बनवाए और 303 करोड़ रुपये का अनुदान दिया, जो पिछली सरकार की तुलना में कई गुना अधिक है। इसके अलावा तारबंदी, शेडनेट हाउस, डिग्गी निर्माण और गोशालाओं को सहायता जैसी योजनाओं को भी गति दी गई है। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल, मध्य प्रदेश के मंत्री ऐदल सिंह कंसाना, गुजरात के मंत्री रमेश भाई कटारा, महाराष्ट्र के मंत्री दत्तात्रेय भरणे, गोवा के मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, कृषि सचिव अतिश चंद्रा, आईसीएआर महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक और किसान मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के पदाधिकारियों और सदस्य शिक्षकों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की विभिन्न मांगों का समाधान किए जाने की मांग की है। प्रांतीय आह्वान पर उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को ज्ञापन सौंपते वक्त गुरूदेवसिंह गोदारा, तहसील अध्यक्ष भंवरलाल पांडर, लक्ष्मण नायक, शिशपालसिंह राजियासर, गोविन्दराम भाटी, शिवरतन राणा, सुधेंद्र जोशी, पदमवीर महरिया, असगर अली, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राजलदेसर में बदला मौसम का मिजाज



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** क्षेत्र में मंगलवार सुबह से ही मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिला। सुबह करीब 6:30 बजे से शुरू हुआ यह सिलसिला समाचार लिखे जाने तक अनवरत जारी रहा। अलसुबह से ही आसमान में काली घटाएं छाई रहीं और ठंडी हवाओं के चलने से पूरे वातावरण में खुशनुमा अहसास घुल गया, जिससे आमजन को गुलाबी ठंड का अनुभव हुआ। मौसम विभाग की ओर से पहले ही इस संबंध में अलर्ट जारी किया गया था, जिसका व्यापक असर अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।सुबह के समय कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई, जो रुक-रुक कर जारी रही। जहां एक ओर इस सुहावने मौसम ने आम लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं दूसरी ओर अचानक हुए इस बदलाव ने काश्तकारों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। बेमौसम की इस बारिश और खराब मौसम की स्थिति को देखकर क्षेत्र के किसान अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों का मानना है कि यदि बरसात की तीव्रता बढ़ती है, तो तैयार खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। फिलहाल पूरे क्षेत्र में बादल छाए हुए हैं और शीतल बयार का दौर जारी है।

## शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पीसीबी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय व महावीर इंटरनेशनल सुजानगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आदर्श वरिष्ठ शिक्षक निर्वाण प्राप्त हुकमाराम बरवड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गिरधारीलाल भेभराजका, नवरत्न भेभराजका के सौजन्य से आयोजित शिविर का अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता पुनिया ने की। मुख्य अतिथि गिरधारी भेभराजका, विशिष्ट अतिथि पवन तोदी, गिरधर भोजक, श्याम सुंदर स्वर्णकार, परमानन्द मिश्रा, नवरत्न भेभराजका, कौशल्या गुलेरिया रहे। इस अवसर पर 40 युवक युवतियों, पुरुषों महिलाओं ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक से हिम्मत सिंह, राकेश दर्जी, शंकरलाल, विशाल ने सेवाएं दीं। शिविर को सफल बनाने में प्रधानाचार्य रणवीर महरिया, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष पवन जी तोदी, ईश्वर सिंह, दिनेश कुमार, विद्या देवी, सुनीता, संगीता, पुसाराम, ईश्वर सर्वा, लादुराम मेघवाल, महमूद हसन, पदमवीर, जगदीश आदि ने सहयोग किया। दिनेश बरवड ने ऑफिस कार्य के लिए शाला में कम्प्यूटर सेट भेंट किया।

## दड़ीबा में छात्रों को दी साइबर सुरक्षा की सीख




जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** दड़ीबा स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण संस्थान में मंगलवार को ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडे के तहत कानूनी साक्षरता व संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा सोनिका पुरोहित, जिला व सेशन न्यायाधीश शरद कुमार व्यास तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र प्रताप भाटी के निर्देश पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट सरिता कायथ ने की। इस दौरान उन्होंने कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों को साइबर दुर्व्यवहार, ऑनलाइन गेमिंग के खतरे, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, ऑनलाइन स्टॉकिंग सहित विभिन्न साइबर अपराधों से संबंधित कानूनी जानकारी दी। साथ ही इनसे बचाव के उपाय और आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। न्यायाधीश ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें जागरूक और सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महेश कुमार छापोला और अरविंद चौधरी ने भी विचार व्यक्त करते हुए डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी।

# 14 सूत्री मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों ने किया धरना- प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर में रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर रोडवेज डिपो के आगे एकदिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया। सरदारशहर आगार के भारतीय मजदूर संघ शाखा के अध्यक्ष रतन सिंह की अध्यक्षता में 14 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य प्रबंधक विक्रमसिंह सोलंकी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। धरने पर बैठे रोडवेज कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों की समस्यायों के समाधान की मांग की। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष रतनसिंह ने बताया कि हमारी 14 सूत्रीय मांगे हैं। जिनमें फेडरेशन के कार्यकर्ताओं एवं निगम कर्मचारियों के साथ की जा रही अनुसूचित श्रम अभ्यास की कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाते हुए उचित कार्रवाई करना, निगम में अनुकंपा नियुक्ति में सहायक यातायात निरीक्षक की सीधी भर्ती की गई है। जिनमें कई सहायक यातायात निरीक्षकों के दस्तावेजों में फर्जी डिग्री या सामान्य डिग्री से नियुक्ति लेने की शिकायत प्राप्त हुई है उनकी जांच एसओजी से करवाई जाए, निगम में कार्यरत चालकों के प्रमोशन चैनल के लिए निगम मंडल की ओर से सहायक यातायात निरीक्षक के पद पर पदोन्नति करने का निर्णय किया गया है अतः चालकों की पदोन्नति के लिए आदेश जारी किया जाए, उन्होंने कहा कि हमारी इस प्रकार 14 सूत्रीय मांगे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आगामी समय में जयपुर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरने पर रतनसिंह, रणजीतसिंह, राकेश माली, ओंकारसिंह, करणीदान, गणेश नाथ, संजय कुमार, रणजीत सिंह शेखावत, अनूपसिंह, सुल्तानसिंह, दामोदर लाल, जसविंदर सिंह, गुरुचरण सिंह, विजय कुमार, मनपाल सिंह आदि रोडवेज के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गीतांजलि स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** गीतांजलि पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, बच्चों को डिजिटल दुनिया के खतरों से बचाने और जागरूक करने के लिए रश्मी शर्मा, ट्रेनी मजिस्ट्रेट की ओर से गीतांजलि स्कूल में एक विशेष विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को 'साइबर दुर्व्यवहार' और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के प्रति सचेत करना था। ?कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाना, क्लास ग्रुप में किसी का मजाक उड़ाना (साइबर बुलिंग) और बिना अनुमति के किसी की फोटो शेयर करना भारतीय कानून के तहत दंडनीय अपराध है। विद्यार्थियों को समझाया गया कि 'इंटरनेट सब कुछ याद रखता है ', इसलिए किसी भी लिंक पर क्लिक करने या कोई भी जानकारी साझा करने से पहले सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय के प्रबंधक विनय गौतम ने बताया कि आज के समय सभी को ये जानकारियां होना बहुत महत्वपूर्ण है और सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक श्री गौरव गौतम ने विद्यार्थियों को इन सबसे बचने के लिए उनके साथ जरूरी जानकारियों को साझा किया। संस्था के अध्यक्ष दामोदर गौतम ने सभी बच्चों को कहा कि आप भविष्य में इन सब फ्रॉड से बचने के लिए अपनी सोच को आधुनिकता के साथ तालमेल बिठाए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## *हार के डर से पंचायत व निकाय चुनावों से भाग रही भाजपा: सोनी*

***मण्डावा(निस)।*** *मण्डावा नपा के निवर्तमान चेयरमैन व कांग्रेस नेता नरेश सोनी ने मंगलवार को जारी प्रेस वक्तव्य में कहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार चुनावी हार के डर से पंचायत व निकाय चुनावों से लगातार भाग रही है। यह लोकतंत्र से खिलवाड़ नहीं, बल्कि जनता के संवैधानिक अधिकारों का खुला अपमान है। न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद निर्वाचन आयोग का मौन रहना और सरकार के आगे झुक जाना बेहद निंदनीय है। संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाकर भाजपा अपनी राजनीतिक कायरता छिपा रही है। 5 साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी न्यायालय और संविधान की व्यवस्था को ठुकराकर चुनाव टालना भाजपा की तानाशाही मानसिकता को उजागर करता है। सोनी ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से भाग रही है और लोकतंत्र को बंधक बना रही है।*

## साइबर अपराधों के बारे में दी जानकारी

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा व सिविल न्यायाधीश व न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिँह ने मंगलवार को 'साईबर सुरक्षा जागरूकता, संरक्षण और न्याय तक समावेशी पहुँच' विषय पर ट्रांस्फॉरमेटिव ट्यूजडे नामक राजव्यापी प्रमुख कार्यक्रम के तहत कस्बे के दो निजी शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 8वीं से 12वीं तक कक्षा के विद्यार्थियों के बीच साईबर, विधिक जागरूकता विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में संतोष कुमार मीणा ने बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी.=साईबर अपराधों व साईबर ठगी से किस प्रकार बचा जा सकता है,इस के उपायों के बारें में बताया। इसके साथ साथ ये भी बताया कि 'विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि वे कानून के प्रति जागरूक होंगे और डिजिटल दुनिया में सावधानी बरतेंगे तभी एक सुरक्षित समाज का निर्माण संभव है। किसी भी प्रकार के साईबर अपराध की स्थित में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देंगे। मजिस्ट्रेट अजयदीप सिह ने बच्चों को सोशल मीडिया, ऑनलाईन गैमिंग तथा बैंकिग से होने वाली साईबर ठगी व साईबर अपराधों के बारें में जानकारी दी। उनकी ओर से बच्चों को चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 के बारे में भी बताया गया। जिस पर शिकायत करने पर बच्चों की जानकारी गोपनीय रखी जाती है और अपराधी के खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को साईबर अपराध में शामिल न होने तथा साईबर अपराधों के बारे में जागरूकता फैलाने के संबंध में शपथ भी दिलवाई गई। इस मौके पर पुलिस उपनिरीक्षक सुरेश कुमार यादव, सचिव जयंत यादव कॉंस्टेबल राजू नायक, अजीत सिँह, ओमप्रकाश, सुखविंद्र सिह, प्रदीप भाटी सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## साईबर सुरक्षा जागरूकता संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स



**झुन्झुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से परिवर्तनकारी मंगलवार कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट , झुंझुनू कालूराम की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा जागरूकता संरक्षण एवं न्याय तक जागृति व समावेशी पहुँच ,विधिक साक्षरता , न्यायिक जागृति , संवेदनशीलता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा विधार्थी वर्ग को इंटरनेट की दुनिया में छिपे खतरों जैसे - साइबर बुलिंग, फिशिंग, और डेटा चोरी से अवगत कराना था।उन्होंने बताया कि इंटरनेट एक जादुई खिड़की है, लेकिन यदि हम सावधानी नहीं बरतेंगे, तो यही खिड़की हमारी गोपनीयता के लिए खतरा बन सकती है। इंजी. ढूकिया ने साइबर सुरक्षा व जागरूकता पर विधार्थियों को कुछ 'गोल्डन रूल्स' बताएः जैसे मजबूत पासवर्ड रखना ,अजनबी लोगो से दूरी बनाकर रखे ,सोच-समझकर इन्टरनेट पर आये लिंक का प्रयोग करना ,साइबर बुलिंग के खिलाफ आवाज उठाना आदि। इस अवसर पर सचिव पियूष ढूकिया एप्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ,निधि सिहाग , सुधीर शर्मा ,सुनील मील , पवन कुमार व स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री का पुराना नाम मिनल है। अब मैंने मेरी मेरी पुत्री का नया नाम रूहिना खान रख लिया है।
भविष्य में मेरी पुत्री को नये नाम रूहिना खान के नाम से जाना व पहचाना जावे।
जावेद खान पुत्र अल्लादीन खान, जाति कायमखानी, निवासी अगुण मोहल्ला वार्ड नंबर 31 चूरू, तहसील व जिला चूरू (राज.)

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

That I have Changed my Date of Birth from 20.06.1991 to 01.01.1993 wrongly mentioned in my Husband service records. That I am producing this affidavit for the purpose of evidence for my Date of Birth is Adhar card as DOB 01.01.1993. That Both DOB 20.06.1991 & 01.01.1993 Pertain to one same person.-Pintu Devi w/o Army No 3204834W, Rank Hav, Name- Sandeep Kumar Unit 7 JAT Regiment C/o 56 APO Resident at Bas Dhakan, Churu, Rajasthan, Pin 331029

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु/स्थापना शाखा/2026/32 दिनांक :— 01.04.2026

**—: ई—निविदा सूचना—2026—27 :—**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 16.04.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक DLB2627SLOB00045 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/349 आयुक्त, नगर परिषद, सुजानगढ

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु/स्टोर शाखा/2026/11 दिनांक :— 01.04.2026

**निविदा सूचना – 2026**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 08.04.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 08.04.2026 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक— DLB2627GSOB00039, DLB2627GSOB00040, DLB2627GSOB00041, DLB2627GSOB00042 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
राज.संवाद/सी/26/346 नगर परिषद, सुजानगढ

**Office of Superintendent Engineer Cum Project Manager**
**WCDC, Zila Parishad Churu**

S.No. 03 Date 01.04.2026

**NOTICE INVITING BID**

**E-NIT No 01/2026-27**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 79.683, are invited from interested bidders up to 02.04.2026, 10:00 AM to 13.04.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp. rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state/ departmental website.

NIB Ref.No. ENIT_01_2026_27_SE_CHURU
NIB Code- WSC2627A0001
UBN- WSC2627WSOB00001

DIPR/C/6458/2026

**Office Gram Panchayat Puranabas,**
**Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)**

File No: 8 Date: 06.04.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for MGNAREGA and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for F.Y 2026-27 Gram Panchayat Puranabas, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 08.04.2026, 09:00 AM to 18.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS- 35,00,000/-

UBN No. - PIQ2627GLRC00006.

प्रशासक
ग्राम पंचायत पुराणाबास
पं.स. नीमकाथाना (सीकर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पुराणाबास
पं.स. नीमकाथाना (सीकर)

**Office Gram Panchayat Preetampuri,**
**Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)**

File No: 04 Date: 07.04.2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for MGNAREGA and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for F.Y 2026-27 Gram Panchayat Preetampuri, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 08.04.2026, 09:00 AM to 18.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https:// eproc. rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 50,00,000/-

UBN No. - PIQ2627GLRC00009.

प्रशासक
ग्राम पंचायत प्रीतमपुरी
पं.स. नीमकाथाना (सीकर)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत प्रीतमपुरी
पं.स. नीमकाथाना (सीकर)

# लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ मेंविधिक जागरूकता कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) चूरू की ओर से 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूज़डे' पहल के अंतर्गत लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी, बिसाऊ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून संबंधी जानकारी देना और उन्हें उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग बनाना था। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला व सत्र न्यायाधीश और डीएलएसए चूरू की अध्यक्ष सोनिका पुरोहित उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाल अधिकार, दुरुपयोग, स्टॉकिंग जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी और उन्हें जागरूक व सतर्क रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सही जानकारी ही सुरक्षित समाज के निर्माण में सहायक होती है। विशिष्ट अतिथि अपर जिला वनसत्र न्यायाधीश व डीएलएसए के सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री संतोष महार्षि ने शिक्षा के साथ विधिक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य दीपक पुरोहित ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय में चल रही जागरूकता गतिविधियों की जानकारी दी एवं उनके प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर सुश्री सोनिका पुरोहित ने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए 'ड्रॉप बॉक्स' का उद्घाटन भी किया। यह व्यवस्था विद्यार्थियों को अपनी शिकायतें और सुझाव गोपनीय रूप से रखने का अवसर देगी। उन्होंने विद्यार्थियों को इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को सीवरेज कनेक्शन रख रखाव के प्रति किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार राजकीय विद्यालय अंबेडकर कॉलोनी रामनगर बास में सीवरेज कनेक्शन रखरखाव के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कैप रुडीप के बाबूलाल ने कहा की  जहां स्वच्छता होगी वहां पर बीमारियों का खतरा बहुत ही कम रहेगा व स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा। हम सब शहर को स्वच्छ बनाने में भागीदार बने। साथ ही सीवरेज कनेक्शन रख रखाव की जानकारी देते हुए कहा कि सीवरेज लाइन में किसी प्रकार के ठोस पदार्थ, प्लास्टिक, अदरक के टुकड़े,  चाय पत्ती, सब्जी के पत्ते, शैंपू के पाउच, सेनेटरी पैड, गर्भ निरोधक व बरसात का पानी आदि इसमें प्रवाहित न करे तथा ओर कहा की घरों से निकलने वाला कचरा नगर परिषद की ओर से भेजे गए वाहन में ही डाले। जिससे मोहल्ला साफ सुथरा रहे। यह हम सब की जिम्मेदारी है तथा समस्या व सुझाव के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर पर कॉल करें। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय परिवार व पवन सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## नपा ईओ शेखावत ने गौशाला का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुकुंदगढ़ रोड स्थित टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौशाला का मंगलवार को मंडावा नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी लोकेन्द्र सिंह शेखावत ने औचक निरीक्षण किया। उन्होने गौवंश के  चारे,पानी व छाया की व्यवस्था देखी। जो संतोषजनक पाई गई। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि गौशाला में सफाई व्यवस्था अच्छी है। उन्होंने बीमार गौवंश के इलाज की व्यवस्था को देखकर समिति की प्रसंशा व्यक्त की। इस अवसर पर नगरपालिका के नरेन्द्र सिंह, विजेंद्र ,सत्य नारायण शर्मा, प्रकाश स्वामी, रविंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष किशोर सिंह से आभार व्यक्त किया।

## शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अवकाश कटौती का किया विरोध



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश व्यापी आह्वान पर शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश व अन्य अवकाशों में की गई कटौती का मंगलवार को गावं कमालसर में काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध किया गया7 मंडावा ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों ने विरोध स्वरूप पूरे दिन बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया संघ के मंडावा ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र बुडानिया ने बताया कि आंदोलन के प्रारंभ में सांकेतिक विरोध तत्पश्चात ज्ञापन और जयपुर में प्रदर्शन कर आंदोलन को अवकाशों में की गई कटौती वापस नहीं लेने तक और आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान राजेंद्र सिंह,बनवारी लाल जांगिड़, राजीव कुमार, नसीम बानो, समर सिंह, मुकेश कुमार बेनीवाल, आशीष कुमार मील, शिवदत्त, सांवरमल, महेंद्र सिंह, सरवन कुमार मोगा, मनीषा जानू, रिहाना बानो, शक्ति सिंह, इमरान अली, दिलीप कुमार, सुनीता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे

## चौहान नगरपालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** यहां मंगलवार को चूरू नगरपरिषद में राजस्थान नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन के सम्पन हुए चुनावों में चूरू जिले के नगरपालिका कर्मचारी फैडरेशन अध्यक्ष पद पर नगरपालिका रतननगर के वरिष्ठ सहायक मनोहर सिंह चौहान को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी रिछपाल सिंह चौधरी, आयुक्त अभिलाषा सिंह, अधिशाषी अभियन्ता संरक्षिका पूर्णिमा यादव, संरक्षक इरफान अली, सुनील कुमार सोनी व फैडरेशन के अन्य सदस्य भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे। निर्वाचन के पश्चात वक्ताओं ने प्रमुख रूप से जिलेभर में संगठन को मजबूत बनाये जाने की बात पर बल दिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौहान ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का निदान करने का भरोसा दिलाया व साथ ही प्रदेश की नगरीय निकायों में कर्मचारियों के लिए कर्मचारी समस्या समाधान केन्द्र खुलवाने के लिए राज्य सरकार से पत्राचार किये जाने की आवश्यकता जताई। संचालन कमलेश कुमार मील ने किया।

# बच्चों को साईबर सुरक्षा के बारे में न्यायिक अधिकारियों ने दी जानकारी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार मंगलवार को ट्रांसफॉरमेटिव ट्यूजडे राज्यव्यापी अभियान के तहत सुजानगढ़ के नया बास स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसीजेएम विकास गजराज मौजूद रहे। जबकि सामाजिक कार्यकर्ता इलियास खां, एडवोकेट मोहम्मद दयान, संस्था निदेशक रतन सेन, प्रिंसिपल संतोष सिगर मंचस्थ रहे। इस अवसर पर एसीजेएम विकास गजराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को साइबर खतरों से डरना नहीं है, उनसे बचाव हेतु जागरूक रहना है। गजराज ने बताया कि साइबर दुर्व्यवहार हो, तो आप के परिवारजनों को, टीचर्स को जरूर बताना चाहिए, ताकि साइबर प्रताड़ना को जल्द से जल्द रोका जा सके। हमेशा ध्यान रहे कि मोबाइल में सक्रॉलिंग और क्लिक करने से पहले सोचो, आनलाइन सुरक्षित रहो, क्योंकि इंटरनेट सब कुछ याद रखता है। फोन व इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग सोच समझ कर ही करें। एवरग्रीन स्कूल के निदेशक रतन सेन ने आभार व्यक्त किया। चंदनमल गहलोत, देवांश सेन, बेबी स्वामी ने अतिथियों को माला पहना कर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। संचालन पीएलवी विजयपाल श्योराण ने किया। इसी प्रकार भंवरलाल लाल काला बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के अध्यक्ष एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी रहे। विशिष्ट अतिथि वंदना कंवर, सचिव तालुका विधिक सेवा समिति रहे। एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी ने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि खुद को साइबर रूप से सुरक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि फर्जी अकाउंट बनाना और पहचान की नकल करना, क्लास ग्रुप में साइबर बुलिंग, बिना अनुमति के निजी फोटो शेयर करना, अपमानजनक मीम व एडिटेड फोटो, आनलाइन पीछा करना, निजी जानकारी मांगना, ब्लैकमेल करना और आनलाइन दबाव डालना ये सभी साइबर अपराध के रूप में दंडनीय हो सकते हैं, इसलिए सदैव जागरूक रहें। इस दौरान काला बाल मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल सैनिक, उपप्रधानाचार्य अर्चना सैनिक, शिवशरण, संपत, चंपा, नेहा आदि मौजूद रहे।

# सीटीईटी में श्रीनथमल तोदी बी.एड. कॉलेज का शानदार परिणाम



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) के हाल ही में घोषित परिणाम में स्थानीय श्रीनथमल तोदी बी.एड. कॉलेज के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। देशभर में जहां इस परीक्षा का औसत परिणाम मात्र 18 प्रतिशत रहा, वहीं महाविद्यालय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीनू शेखावत ने बताया कि वर्तमान सत्र में अध्ययनरत पांच विद्यार्थियों के साथ ही गत वर्ष उत्तीर्ण हुए पांच विद्यार्थियों ने भी सीटीईटी में सफलता प्राप्त की है। सफल विद्यार्थियों में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की हिमांशु कुमारी व सुमन कुमारी तथा चतुर्थ सेमेस्टर की रेखा दइया, आस्था व सुलोचना कुमारी शामिल हैं।उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वर्ष 2025 में आयोजित रीट परीक्षा में भी महाविद्यालय के 43 विद्यार्थियों ने अध्ययन के दौरान ही पात्रता प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।प्राचार्या बीनू शेखावत ने कहा कि महाविद्यालय में बी.एड. पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं सहित रीट व सीटीईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। इसके चलते यहां के विद्यार्थी लगातार सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहे हैं। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्थान में खुशी का माहौल है तथा सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दी गई है।

# बारिश से रबी की फसल को नुकसान की आशंका, किसानों की बढ़ी चिंता

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा (निस)।** कस्बे में अल सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि इससे रबी की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका है। बारिश के कारण मौसम में ठंडक भी घुल गई है और लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा है। वर्तमान में किसानों के खेतों में गेहूं, चना और जौ की फसलें खड़ी हैं। लगातार बारिश के कारण इन फसलों के प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। यह स्थिति किसानों के लिए गंभीर चुनौती बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश इसी तरह जारी रही, तो उनकी फसलें पूरी तरह खराब हो सकती हैं। पहले से ही कर्ज में डूबे किसानों को इस बार भी भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ जाएगी। फिलहाल कई किसानों की फसल की कटाई अभी बाकी है, जिससे नुकसान का खतरा और अधिक बढ़ गया है। यह बेमौसम बारिश विशेष रूप से उन किसानों के लिए सबसे ज्यादा नुकसानदायक साबित हो रही है जिनकी फसलें कटाई के लिए तैयार हैं।

# 'स्वास्थ्य सबके लिए' का असरः धौलपुर बना सुलभ व आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का मॉडल

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में हुए सुधारों की तस्वीर सामने आई है। राज्य सरकार के  'स्वास्थ्य सबके लिए' संकल्प के तहत धौलपुर जिला सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का उदाहरण बनकर उभरा है। जिले में 39 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 4 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जहां दवाओं, जांच और विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है। जिला अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, ऑक्सीजन प्लांट, नवजात गहन चिकित्सा इकाई, एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को अब बड़े शहरों में जाने की जरूरत कम हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट, नियमित स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं टेलीमेडिसिन और ई-संजीवनी सेवाओं से दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श मिल रहा है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना व जननी सुरक्षा योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को राहत मिली है। एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है।

जिला अस्पताल का रामाश्रय वार्ड बुजुर्ग मरीजों के लिए विशेष सुविधा केंद्र बनकर उभरा है, जहां समर्पित देखभाल और बेहतर उपचार की व्यवस्था की गई है।

## धरने पर बैठे किसानों पर मधुमक्खियों का हमला

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा क्षेत्र के मलसीसर में किसानों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, अलसीसर गांव में एक किसान की सरसों की फसल को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया था। इसी के विरोध में किसान गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर मलसीसर तहसील कार्यालय के बाहर धरना दे रहे थे। धरने में आसपास के दर्जनों गांवों से सैकड़ों किसान और बुजुर्ग शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक पास के एक पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते से मक्खियां उड़ने लगीं और प्रदर्शनकारियों पर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मक्खियों के डंक से कई बुजुर्ग और किसान घायल हो गए। कुछ लोगों को मक्खियों ने काट लिया और उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। मधुमक्खियों के डर से लोग भाग रहे थे, वहीं अलसीसर निवासी राजकुमार ने वहां फंसे दो-तीन बुजुर्गों को सहारा देकर सुरक्षित बाहर निकाला। राजकुमार ने न केवल उन्हें वहां से हटाया, बल्कि तुरंत निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाने का प्रबंध भी किया।

## नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

**धौलपुर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसई नीम में सत्र 2026-27 के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था प्रधान मधु कुमारी, मुकेश पाराशर और संजीव बघेला ने अतिथि का स्वागत किया। समारोह के दौरान सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक व माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भामाशाह मुकेश कुमार पाराशर ने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए जिससे छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा विभाग एक ऐसा क्षेत्र है जहां शिक्षक अपनी जिम्मेदारी से बढ़कर बच्चों के हित में कार्य करते हैं। उन्होंने शिक्षकों की इस भावना की सराहना करते हुए इसे गर्व का विषय बताया।

## सुप्रीम फाउंडेशन का सराहनीय कदमःराजकीय विद्यालय में बच्चों को अभ्यास पुस्तिका का वितरण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ की ओर से  राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रतनाडिया में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को वर्ष में दो बार विद्यालय में अभ्यास पुस्तिका वितरण किया जाता है। जिसको गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाउंडेशन की ओर से अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार के साथ सुप्रीम फाउंडेशन की तरफ से स्वयंसेवक महावीर प्रसाद मौजूद रहे। विद्यार्थियों को अभ्यास पुस्तिका मिलने पर उनके चेहरे पर उत्साह साफ नजर आया। प्रधानाध्यापिका दर्शना मेहरा ने संस्था का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध होती है। इस पुनीत कार्य के लिए सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी बजरंगलाल तापड़िया व महावीर प्रसाद तापड़िया का समस्त विद्यालय परिवार का विशेष आभार जताया गया। साथ ही सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य समन्वयक श्यामबाबू शर्मा, कोऑर्डिनेटर दीपक कौशिक, योगेश कुमार सिंगोदिया का भी समस्त विद्यालय परिवार ने इस सहयोग और परमार्थ कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

## चौमूं के बाबूलाल शर्मा का सम्मान, ईएमटी सेवा में उत्कृष्ट योगदान



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वार्ड नंबर 34, कृष्णा कॉलोनी निवासी बाबूलाल शर्मा को इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन के रूप में उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। बाबूलाल शर्मा वर्तमान में चंदवाजी सीएचसी में कार्यरत हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी तत्परता और समर्पण से अलग पहचान बनाई है। सम्मान समारोह में राजस्थान जीवीके ईएमआरआई ग्रीन हैल्थ सर्विस स्टेट हैड मधुसूदन भौमिया व एचआर हैड दीपक साहु ने प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल एवं 2100 रुपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें एक माह के विशेष प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद भेजने के लिए भी चयनित किया गया है

## विधायक रोहित बोहरा की दो साल बाद हो जाएगी विदाईः पोसवाल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** मांगरोल मंडल में आयोजित सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता जयवीर पोसवाल ने क्षेत्रीय विधायक रोहित बोहरा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में विकास के नाम पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ, बल्कि समाज में विभाजन की राजनीति की गई। पोसवाल ने कहा कि जनता को डराने और दबाव की राजनीति अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी और 2028 में परिवर्तन तय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जनता अब जागरूक हो चुकी है और सही नेतृत्व का चयन करेगी। उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा और युवाओं के भविष्य को लेकर भी चिंता जताई और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान का उल्लेख करते हुए निष्पक्ष मतदान की अपील की। सभा में भाजपा प्रत्याशी नीरजा शर्मा, कमल पहाड़िया, रणवीर दंडोतिया, मोहन लोधा, हाकिम सिंह लोधा, डॉ. बनवारी लाल गुर्जर, पवन शर्मा, तिलक सिंह गुर्जर, सुनील त्यागी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोर्ट परिसर बना पुलिस छावनी

**तारानगर(निस)।** तारानगर के एडीजे कोर्ट में हार्डकोर अपराधी जगतसिंह उर्फ जग्गा उर्फ बल्ली को कड़ी सुरक्षा के बीच अजमेर जेल से लाकर पेश किया गया। इस दौरान पूरा कोर्ट परिसर पुलिस छावनी बना रहा।एडवोकेट राजेन्द्र सिंह न्यांगली ने बताया कि उक्त अपराधी मर्डर ओर डकैती के केस में अजमेर की हाई सिक्योरिटी जेल केंद्रीय कारागृह में बंदी है जिसे मंगलवार को अजमेर जेल से कड़ी सुरक्षा में हथियारबंद  पुलिस के साथ पेश किया गया  जिसके कोर्ट ने बयान दर्ज हुए।